RNI No.-UPHIN2016/70155

# के.डी.न्यूज

KD NEWS आज कल तक

हिन्दी समाचार पत्र

वर्ष–03 अंक–45 सुलतानपुर, 07 अप्रैल 2019 पृष्ठ : 08 मूल्य : 3.00 रुपये

# बोले पीएम मोदी- आज जो भ्रष्ट है, वो मोदी से बहुत त्रस्त है



सोनपुर। ओडिशा के सोनपुर में रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर जमहकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राजनीति के लिए गरीबी को अपने मुख्य हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया, वह इस हथियार को गंवाना नहीं चाहती। रैली में अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश का प्रधानसेवक होने के साथ ही में बनारस का सांसद भी हूं और इसलिए इस स्थान से मुझे विशेष लगाव है, क्योंकि सोनपुर और बनारस दोनों ही महादेव की नगरी हैं। उन्होंने कहा कि इस चायवाले को देश का चौकीदार बनाया और देश को महाशक्ति बनाने में अगर हम सफल हो पाए हैं तो ये सब आपके ही आशीर्वाद और प्यार का फल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज ओडिशा को एक बात पूरी गंभीरता से सोचने की जरूरत है। ओडिशा में कोयला भी है, धातु भी है, जल भी है, जंगल भी है। फिर क्या कारण है कि इतना समृद्ध ओडिशा पिछड़ गया? क्या कारण है कि विकास की दौड़ में ये राज्य पीछे रह गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने समाज में ऊंच नीच का ऐसा जहर बोया, विकास का ऐसा भेदभाव किया कि देश का एक बहुत बड़ा हिस्सा आगे नहीं बढ़ पाया। आज देश का गरीब ये कहने लगा है–कांग्रेस हटाओ, तो गरीबी अपने आप हट जाएगी।

रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ऐसी नीतियां देश में लागू करना चाहती है जिससे चौतरफा महंगाई बढ़ेगी, आपकी रसोई का खर्च, गैस की कीमत, केरोसीन तेल की कीमत बढ़ जाएगी। कांग्रेस के नेता खुलेआम देश के करोड़ों लोगों को स्वार्थी बताते कह रहे हैं कि टैक्स बढाया जाएगा। आज जो भ्रष्ट है, वो मोदी से बहुत त्रस्त है। पीएम मोदी ने कहा कि बीजेडी के शासन में सिवाय भेदभाव के आप सभी को क्या मिला ? सबका साथ, सबका विकास हमारा प्रण है और आप हमारी प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि ये चुनाव तय करेंगे कि भारत के दुश्मनों को घुसकर मारेगा या फिर चुपचाप बम और गोले का आघात सहेगा। ये चुनाव तय करेगा कि हिंदुस्तान के हीरो मजबूत होंगे या फिर पाकिस्तान के पक्षकार मजबूत होंगे। ये चुनाव तय करेंगे, कि भारत महाशक्तियों के साथ कदमताल करेगा या फिर गरीबी, बीमारी और भुखमरी के चंगुल में फंसा रहेगा। ये चुनाव तय करेंगे कि हमारे जवानों, किसानों और नौजवानों को सम्मान मिलेगा या फिर देश के टुकड़े–टुकड़े करने वालों की आवाज गूंजेगी।

## तबादलों से नाराज कर्मचारी करेगें आन्दोलन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ वाणिज्य कर विभाग के प्रदेश महामंत्री सुरेश यादव ने आरोप लगाया कि विभाग के कई चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का तबादला चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद किया गया। यही नही तबादला आदेश में तत्काल कार्य मुक्त होकर तबादला स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने का आदेश तो किया गया लेकिन स्थान का जिक्र नही किया गया। उन्होंने कहा कि अगर तबादलों को निरस्त नही किया गया तो 8 अप्रैल को मुख्यालय विरोध प्रदर्शन कर धरना दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उनकी मांग का विभाग के कई संगठनों ने समर्थन किया है। श्री यादव ने बताया कि आचार संहिता लागू होने के बाद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उमेश कुमार मिश्रा, गिरीश चन्द यादव, मुरली प्रसादऔर वीरेन्द्र शुक्ला को पत्रांक संख्या स्थापना–3 क मुख्यालय तैनाती 2018–19/5900 दिनांक11.3.2019 द्वारा कार्यमुक्त करते हुए स्थानान्तरण आदेश तत्काल नई तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करना सुनिष्चित किया जाए। सबसे खस बॉत यह कि इस आदेश में नई तैनाती स्थल का जिर्क्र नही है। उन्होंने यह भी बताया कि इस तरह पीयूष दत्त जैन उपाध्यक्ष आदि का तबादला किया गया।

## जिला संवाददाता/संवाददाता की सूची

**सुलतानपुर–** आर्यन मिश्र रामसहाय, उमेश शर्मा, इम्तियाज खान
**फैजाबाद–** राजेश कुमार मिश्र, सत्यदेव दुबे
**बाराबंकी–** सैफ मुख्तार, शिवम तिवारी
**फतेहपुर–** ......................
**बिजनौर–** ......................
**गोंडा–** लालबाबू उर्फ लल्ला पाण्डेय, जितेन्द्र कुमार पांडेय, दुर्गेश कुमार शर्मा
**हरदोई–** ......................
**रायबरेली –** देवी प्रकाश
**प्रयागराज–** ......................
**अमेठी –** चंदन दूबे

# 24 घंटे मे दो रिश्वत खोर बागड़ बिल्ले गिरफ्तार

## भ्रष्टाचार निवारण संगठन को इस साल मिली 25 सफलताए

लखनऊ। ऐन्टी करप्शन आर्गनाईजेशन भ्रष्टाचार निवारण संगठन को 24 घंटो के भीतर एक नही बल्कि दो सफलताए मिली एक घूस खोर लेखपाल को 20 हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे पकड़ा गया तो एक अवर अभियन्ता को 6 हजार रूपए की रिश्वत के साथ पकड़ा गया। भ्रष्टाचार निवारण संगठन को साल 2019 मे अब तक 25 सफलतए मिल चुकी हैं। भ्रष्टाचार निवारण संगठन के एसपी राजीव मल्होत्रा द्वारा गठित की गई मेरठ टीम के इन्स्पेक्टर अरविन्द यतेन्द्र शर्मा की टीम ने मेरठ तहसील से लेखपाल चन्द्रपाल सिंह को 20 हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए रगें हाथ गिरफ्तार किया। रविन्द्र की शिकायत पर पकड़ा भ्रष्टाचारी लेखपाल चन्द्रपाल सिंह शिकायतकर्ता से उनकी जमीन की पैमाईश कराने के एवज मे 20 हजार रूपए की रिश्वत मांग रहा था। रिश्वतखोर बागड़ बिल्ले को ट्रैप टीम ने अपने जाल मे फंसा कर उसकी असली जगह हवालात मे पहुँचा दिया है। इसके अलावा महोबा टीम के इन्स्पेक्टर प्रेम कुमार के नेतृत्व वाली ट्रैप टीम ने महोबा मे विकास भवन कार्यालय के बाहर से अवर अभियन्ता लाखन सिंह को 6 हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार कर उसे सलाखो के पीछे पहुँचा दिया है। पनवाड़ी जनपद महोबा के रहने वाले नीरज मिश्रा ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन के कार्यालय मे शिकायत की थी कि महोबा विकास भवन मे तैनात अवर अभियन्ता उनसे उनके बकाया भुगतान कराने के एवज मे 6 हजार रूपए की रिशवत मांग रहा है। नीरज मिश्रा की शिकायत को एसपी राजीव मलहोत्रा ने गम्भीरता से लेते हुए इन्स्पेक्टर प्रेम कुमार के नेतृत्व मे टीम गठित कर भ्रष्टाचारी अवर अभियन्ता को रंगे हाथो गिरफ्तार करने के लिए आदेश दिए थे। इन्स्पेक्टर प्रेम कुमार ने भ्रष्टाचारी अवर अवर अभियन्ता को जाल मे फसाने के लिए ताना बाना बुना और शिकायतकर्ता को पाउडर लगे 6 हजार रूपए देकर अवर अभियन्ता लाखन सिंह द्वारा बताए गए स्थान महोबा विकास भवन कार्यालय के पास भेजा शिकायतकर्ता नीरज मिश्रा ने जैसे ही भ्रष्टाचारी अवर अभियन्ता लाखन सिंह को रिश्वत के 6 हजार रूपए दिए वैसे ही भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने भ्रष्टाचारी लाखन सिंह को घूस की रकम के साथ रंगे हाथो पकड़ लिया। शिकायतकर्ता नीरज मिश्रा ठेकेदारी करते है उन्होने ठेके पर एक आगंनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कराया था ठेकेदार नीरज द्वारा कराए गए निर्माण का भुगतान कराने के लिए अवर अभियन्ता उनसे 6 हजार रूपए की रिश्वत मांग रहा था। साल 2019 मे अब तक भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीमो ने 25 भ्रष्टाचारी बगड़ बिल्लो को रिश्वत की रकम के साथ रंगे हाथो पकड़ कर हवालात के पीछे भेजा है। एसपी राजीव मलहोत्रा का कहना है कि जनता के सहयोग से हमारी टीम निरन्तर भ्रष्टाचारियो को पकड़ कर भ्रष्टाचार पर प्रहार करती रहेगी।

**आवश्यकता है**

के.डी.न्यूज समाचार पत्र/पोर्टल हेतु ब्लाक संवाददाता, व तहसील संवाददाता की आवश्यकता है।

–सम्पादक
के.डी.न्यूज
मो. 9415739288, 9721748962

# सम्पादकीय

## समझौता पर फैसला, उठ रहे हैं अनेक सवाल

समझौता एक्सप्रेस में हुए विस्फोट में 68 लोग मारे गए थे। परंतु इस अपराध के लिए जिन आरोपियों पर मुकदमा चलाया गया था उन्हें अदालत ने निर्दोष पाया। अदालत के फैसले के बाद अनेक प्रश्न उठ रहे हैं। दिनांक 18 फरवरी 2007 को पानीपत के पास स्थित दिवाना नामक स्थान पर समझौता एक्सप्रेस में विस्फोट हुआ था जिसमें 68 लोग मारे गए थे। दिनांक 20 फरवरी को इसकी जांच के लिए एक विशेष टीम गठित की गई थी। तीन वर्ष बाद राष्ट्रीय जांच अभिकरण (एनआईए) ने इसकी जांच अपने हाथ में ली थी। इसके एक वर्ष बाद पंचकुला की अदालत में आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया। मार्च 2011 से मार्च 2019 तक न्यायालय में प्रकरण की सुनवाई हुई। मार्च 2011 में ही पाकिस्तान की एक महिला, जिसके पिता विस्फोट में मारे गए थे, ने यह मांग की कि पाकिस्तान के गवाहों को भी सुना जाए। इस पर अदालत ने एनआईए की राय मांगी। एनआईए ने अदालत को बताया कि उसने भारतीय उच्चायोग के माध्यम से 11 पाकिस्तानी नागरिकों को गवाही देने का नोटिस दिया था परंतु वहां से किसी भी प्रकार की सूचना नहीं मिली। जहां तक इस महिला का सवाल है, उसका नाम गवाहों की सूची में है ही नहीं। जिनके परिवारजन इस विस्फोट में मारे गए वे यह सवाल उठा रहे हैं कि इन मौतों के लिए कौन जिम्मेदार है? इस प्रश्न का उत्तर देते हुए एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी ने यह आरोप लगाया है कि इस पूरे मामले में एनआईए ने गंभीर लापरवाही बरती है। यदि आरोपी दोषमुक्त हुए हैं तो उसकी पूरी जिम्मेदारी एनआईए की है। जिस दिन पंचकुला की अदालत ने फैसला सुनाया उसी दिन अपनी प्रतिक्रिया को सार्वजनिक करते हुए विकास नारायण राय ने कहा कि इसकी जिम्मेदारी एनआईए को लेनी पड़ेगी। राय वरिष्ठ पुलिस अधिकारी रहे और एक समय हरियाणा के पुलिस महानिदेशक के रह चुके हैं। राय ने कहा कि इस मामले में एनआईए की मिलीभगत स्पष्ट नजर आ रही है। यहां यह उल्लेखनीय है कि राय कुछ समय तक इस प्रकरण की जांच करने वाले विशेष जांच दल के प्रमुख थे और उनकी टीम ने उस बैग को ढूढ़ निकाला था जिसका उपयोग विस्फोट में किया गया था। राय की टीम को यह बैग मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में मिला था। आरोपियों का दोषमुक्त होना तो अवश्यंभावी था क्योंकि एनआईए प्रारंभ से पूरे मामले को दबाना चाहती थी। इंडियन एक्सप्रेस से टेलीफोन पर बात करते हुए राय ने कहा कि समझौता एक्सप्रेस मामले के पहले एनआईए ने इसी तरह की लापरवाही अजमेर शरीफ और हैदराबाद की मक्का मस्जिद तथा मालेगांव की घटनाओं के मामलों में भी की थीं। ये सभी घटनाएं एक दूसरे से जुड़ीं थीं और उन्हीं लोगों ने कीं थीं जिनका समझौता एक्सप्रेस की घटना में हाथ था। राय ने याद दिलाया कि मालेगांव घटना की प्रमुख अभियोजन अधिकारी ने सार्वजनिक रूप से कहा था उस पर दबाव डाला गया था कि वह मालेगांव मामले में साफ्ट रवैया अपनाए। राय ने अभियोजन अधिकारी रोहिनी सेलियन के सन् 2015 में इंडियन एक्सप्रेस को दिए गए इंटरव्यू का उल्लेख किया। इस इंटरव्यू में रोहिणी ने बताया था कि उनसे लगातार यह कहा जा रहा था कि वे इस मामले में ज्यादा दिलचस्पी न लें। अंततः उन्हें मालेगांव मामले की अभियोजन टीम से हटा दिया गया। बाद में अत्यधिक आधी–अधूरी चार्जशीट दाखिल की गई और अंततः सभी आरोप वापिस ले लिए गए। क्या एनआईए से यह नहीं पूछा जाना चाहिए कि क्यों इन सभी मामलों में आरोपी दोषमुक्त हो गए? क्या एनआईए इनके दोषमुक्त होने की जिम्मेदारी से बच सकता है? एनआईए ने जो भी सबूत एकत्र किए और गवाहों के जो भी बयान लिए उनका समर्थन अदालत में नहीं किया। यदि एनआईए के पास कुछ और सबूत थे तो उसे उन्हें अदालत में पेश करना था। मैं नहीं समझता कि एनआईए ने ऐसा किया। इससे यह संदेह होता है कि एजेंसी व आरोपियों की मिलीभगत थी। स्पष्ट है एजेंसी ने अत्यंत लापरवाही से जांच की। यदि आप निचली अदालत के निर्णय के विरूद्ध अपील नहीं कर रहे हैं तो इसका अर्थ यह है कि आप अपनी जांच के नतीजों के संबंध में आश्वस्त नहीं हैं। यदि आप जांच के नतीजों से संतुष्ट नहीं थे तो आपको पूरक आरोपपत्र दाखिल करना था। आरोपियों को सजा दिलवाने की जिम्मेदारी जांच एजेंसी की होती है। अदालत में मामला वर्षों तक चला। इस दौरान एजेंसी के रवैये में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं हुआ। एजेंसी अभी भी मानती है कि जिन्हें गिरफ्तार किया गया था वे ही आरोपी हैं। अदालत के निर्णय के बाद विस्फोट से प्रभावित लोगों से बात की गयी। जिन लोगों से उसने बात की उनमें एक ऐसा दंपत्ति भी था जिसके पाच बच्चे इस विस्फोट में मारे गए थे। इस दंपत्ति ने बताया कि उनसे मुकदमे में गवाही देने के लिए कतई नहीं कहा गया। इसी तरह की शिकायतें अन्य प्रभावित लोगों ने भी कीं थीं। अदालत ने जिन लोगों को दोषमुक्त घोषित किया है उनमें स्वामी असीमानंद भी शामिल हैं जो एक कट्टर संघी कार्यकर्ता हैं।

# कश्मीर के लिए नेहरू जैसी बड़ी सोच अपनाना होगा




**अंकित ''राधे''**

कश्मीर के बारे में वहां के कुछ नेताओं के अजीबोगरीब बयानों के बाद कश्मीर फिर चर्चा में हैं। देश की हर समस्या के लिए जवाहरलाल नेहरू को जिम्मेदार ठहराने वालों के सामने भी दुविधा है। जब जवाहर लाल नेहरू और सरदार पटेल के सामने कश्मीर समस्या आई थी तो देश की आर्थिक और सैनिक तैयारी बिल्कुल नहीं थी। इंग्लैण्ड और अमेरिका भारत का विरोध कर रहे थे। अंग्रेजों से वफादारी के इनाम के रूप में मुहम्मद अली जिन्ना को पाकिस्तान की बख्शीश मिल चुकी थी, जिन्ना किसी भी कीमत पर जम्मू–कश्मीर पर कब्जा करने के चक्कर में थे और जम्मू–कश्मीर के तत्कालीन राजा पाकिस्तान के साथ जाने के बारे में विचार कर रहे थे। लेकिन सरदार पटेल ने न केवल जम्मू–कश्मीर का भारत में बिना शर्त विलय करवाया, बल्कि अमेरिका और इंग्लैण्ड की मर्जी के खिलाफ पाकिस्तान को भी उसकी औकात दिखा दी। आज भारत दुनिया में एक बड़ी अर्थशक्ति, सैन्य शक्ति, परमाणु शक्ति और अंतरिक्ष शक्ति के रूप में स्थापित हो चुका है। अमेरिका और ब्रिटेन से भारत की दोस्ती है लेकिन फिर भी कश्मीर में एक बड़ी समस्या पैदा हो गई है। अलगाववादी नेताओं की जमात, हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के लोग तो पाकिस्तान का जयकारा लगाते ही रहते थे, अब भारत के साथ रहने की बात करने वाले नेता भी भारत से अलग होने की धमकी देने लगे हैं। जम्मू–कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्रियों महबूबा मुफ्ती, फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला के ताज़ बयान बहुत ही निराशाजनक हैं। यह तीनों ही नेता बीजेपी के साथ कई अवसरों पर सरकार में शामिल रह चुके हैं। संविधान के अनुच्छेद 35 ए के मामले ने इतना तूल पकड़ लिया है कि जम्मू–कश्मीर के होशमंद नेता भी अलग होने की बात करने लगे हैं। इसके लिए काफी हद तक मौजूदा सत्ताधारी पार्टी और उसके नेता जिम्मेदार हैं। बीजेपी के नेता चुनावों के समय कश्मीर को मुद्दा बनाते हैं, उसके कारण उनको पाकिस्तान और मुसलमान को निशाने पर लेने में आसानी होती है। बाद में उसका जिक्र उतनी शिद्दत से नहीं करते। लगता है कि इस बार भी कोशिश वही थी लेकिन मामला बहुत आगे बढ़ गया। जम्मू–कश्मीर के वे नेता भी भारत–विरोधी बयान देने लगे जो कल तक राज्य में बीजेपी के साथ सरकार चला रहे थे। देश की हर समस्या के लिए जवाहर लाल नेहरू को जिम्मेदार बताने वाले नेताओं को अब यह समझ लेने की जरूरत है कि कश्मीर में अगर हालात सामान्य करना है तो नेहरू की किताब के पन्ने ही पढ़ने पड़ेंगे। आज की सत्ताधारी पार्टी बीजेपी जब भी विपक्ष में रही है, कश्मीर में संविधान के आर्टिकिल 370 का विरोध करती रही है लेकिन जब भी सत्ता में आई है अलग बात करती है। इस बार मामला थोड़ा अटक गया है। बीजेपी केंद्र में सत्ता में है और राज्य में भी राष्ट्रपति शासन के रास्ते उसी की सत्ता है। चुनाव के चक्कर में कश्मीर के नाजुक मसलों को उठा दिया और अब कश्मीर की राजनीति एक बहुत ही संवेदनशील मुकाम पर पहुंच गई है। कश्मीर को भारत का अखंड हिस्सा मानने वाले कश्मीरी नेता भी अब अपना प्रधानमंत्री बनाने और आजादी की बात करने लगे हैं। हालत इतनी चिंताजनक है कि फौरन से पेशतर केंद्र सरकार को जरूरी +कदम उठाने पड़ेंगे। कहीं ऐसा न हो कि हर भाषण में कश्मीर की बात करके और प्रेस कांफ्रेंस करके धरुवीकरण तो हो जाए लेकिन कश्मीर की हालात बद से बदतर हो जाए। इन हालात में जरूरी यह है कि कश्मीर की समस्या के समाधान के लिए जवाहर लाल नेहरू की राह को अपनाया जाय जिन्होंने 27 मई 1964 को अपने मृत्यु के दिन भी कश्मीर समस्या के समाधान के लिए लगातार प्रयास किया था। हालांकि उन्होंने शेख अब्दुल्ला को 1953 में गिरफ्तार कर लिया था लेकिन उनको मालूम था कि कश्मीर की समस्या के हल के लिए कश्मीर के सबसे बड़े नेता को शामिल करना जरूरी होगा। इसी सोच के तहत उन्होंने शेख अब्दुल्ला को रिहा किया और पाकिस्तान जाकर समाधान की संभावना तलाशने का काम सौंपा था। शेख अब्दुल्ला पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर गए और वहां लोगों से बातचीत का सिलसिला शुरू किया। 27 मई 1964 के, दिन जब मुजफराबाद में उनके लिए दोपहर के भोजन के लिए की गई व्यवस्था में उनके पुराने दोस्त मौजूद थे, जवाहर लाल नेहरू की मौत की खबर आ गई। सब किया धरा बर्बाद हो गया। उसके बाद कश्मीर के हालात बहुत तेजी से बिगड़ने लगे। कश्मीर के मामलों में नेहरू के बाद के नेताओं ने कानूनी हस्तक्षेप की तैयारी शुरू कर दी। वहां संविधान की धारा 356 और 357 लागू कर दी गई। इसके बाद शेख अब्दुल्ला को एक बार फिर गिरफ्तार कर लिया गया। इस बीच पाकिस्तान ने एक बार फिर कश्मीर पर हमला करके उसे कब्जाने की कोशिश की लेकिन पाकिस्तानी फौज ने मुंह की खाई और ताशकंद में जाकर रूसी दखल से सुलह हुई। सवाल यह है कि कश्मीर का मसला इस मुकाम तक कैसे पंहुचा। जिस कश्मीरी अवाम ने कभी पाकिस्तान और उसके नेता मुहम्मद अली जिन्ना को धता बता दी थी और जम्मू–कश्मीर के तत्कालीन राजा की पाकिस्तान के साथ मिलने की कोशिशों को फटकार दिया था, और भारत के साथ विलय के लिए चल रही शेख अब्दुल्ला की कोशिश को अहमियत दी थी, आज वह भारतीय नेताओं से इतना नाराज क्यों है। कश्मीर में पिछले 30 साल से चल रहे आतंक के खेल में लोग भूलने लगे हैं कि जम्मू–कश्मीर की मुस्लिम बहुमत वाली जनता ने पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय नेताओं, महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू और जयप्रकाश नारायण को अपना रहनुमा माना था। इसको समझने के लिए थोड़े पीछे के इतिहास में जाना पड़ेगा। भारत–पाक विभाजन के वक्त, जम्मू–कश्मीर के महाराजा, हरि सिंह ने पाकिस्तान के सामने स्टैंडस्टिल एग्रीमेंट का प्रस्ताव रखा जिसके तहत लाहौर सर्किल के केंद्रीय विभाग पाकिस्तान सरकार के अधीन काम करेंगे। 15 अगस्त को पाकिस्तान की सरकार ने जम्मू–कश्मीर के महाराजा के स्टैंडस्टिल एग्रीमेंट के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया जिसके बाद पूरे राज्य के डाकखानों पर पाकिस्तानी झंडे फहराने लगे। भारत सरकार को इस से चिंता हुई और जवाहर लाल नेहरू ने अपनी चिंता का इजहार इन शब्दों में किया, ''पाकिस्तान की रणनीति यह है कि अभी ज्यादा से ज्यादा घुसपैठ कर ली जाए और जब जाड़ों में कश्मीर अलग–थलग पड़ जाए तो कोई बड़ी कार्रवाई की जाए।'' नेहरू ने सरदार पटेल को एक पत्र भी लिखा कि ऐसे हालात बन रहे हैं कि महाराजा के सामने और कोई विकल्प नहीं बचेगा और वह नेशनल कान्फ्रेंस और शेख अब्दुल्ला से मदद मांगेगा और भारत के साथ विलय कर लेगा। अगर ऐसा हो गया तो पाकिस्तान के लिए कश्मीर पर किसी तरह का हमला करना इस लिए मुश्किल हो जाएगा कि उसे सीधे भारत से मुकाबला करना पड़ेगा। अगर राजा ने नेहरू की बात को मान लिया होता तो कश्मीर समस्या का जन्म ही न होता। इस बीच जम्मू में साम्प्रदायिक दंगे भड़क उठे थे। बात अक्टूबर तक बहुत बिगड़ गई और महात्मा गांधी ने इस हालत के लिए महाराजा को व्यक्तिगत तौर पर जिम्मेदार ठहराया। पाकिस्तान ने महाराजा पर दबाव बढ़ाने के लिए लाहौर से आने वाले कपड़े, पेट्रोल और राशन की सप्लाई रोक दी। संचार व्यवस्था पाकिस्तान के पास स्टैंडस्टिल एग्रीमेंट के बाद आ ही गई थी। उसमें भी भारी अड़चन डाली गई। हालात तेजा से बिगड़ रहे थे। कबाइली हमला हुआ और राजा अपनी मनमानी पर अड़ा रहा। राजा की गलतियों के कारण ही कश्मीर का मसला बाद में संयुक्त राष्ट्र में ले जाया गया और उसके बाद बहुत सारे ऐसे काम हुए कि अक्टूबर 1947 वाली बात नहीं रही। संयुक्त राष्ट्र में एक प्रस्ताव पास हुआ कि कश्मीरी जनता से पूछ कर तय किया जाय कि वे किधर जाना चाहते हैं। भारत ने इस प्रस्ताव का खुले दिल से समर्थन किया लेकिन पाकिस्तान वाले भागते रहे, शेख अब्दुल्ला कश्मीरियों के हीरो थे और वे जिधर चाहते उधर ही कश्मीर जाता और वे भारत के साथ थे। लेकिन 1953 के बाद यह हालात भी बदल गए। बाद में पाकिस्तान जनमत संग्रह के पक्ष में हो गया और भारत उससे पीछा छुड़ाने लगा। इन हालात के पैदा होने में बहुत सारे कारण हैं। राजा के वफादार नेताओं की टोली जिसे प्रजा परिषद् के नाम से जाना जाता था, ने हालात को बहुत बिगाड़ा। उसके बाद इंदिरा गांधी के दौर में भी बात बिगाड़ी गई। 1980 में जब वे दोबारा सत्ता में आईं तो अपने परिवार के ही अरुण नेहरू पर वे बहुत भरोसा करने लगी थीं, अरुण नेहरू ने जितना नुकसान कश्मीरी मसले का किया शायद ही किसी ने नहीं किया हो। उन्होंने डॉ. फारूक अब्दुल्ला से निजी खुन्नस में उनकी सरकार गिराकर उनके बहनोई गुल शाह को मुख्यमंत्री बनवा दिया।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, 11 घायल

सुलतानपुर। जिले में अलग–अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 11 लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी ले जाया गया। राष्ट्रीय राज मार्ग पर उतेलवा के पास आ रही बस अनियन्त्रित होकर सड़क किनारे लगे लोहे की रेलिंग से टकरा गई। जिससे उस पर सवार खेममऊ आजमगढ़ निवासी देवांश, रौनापुर आजमगढ़ निवासी पूनम व सादिक, फूलपुर आजमगढ़ निवासी अमर, रनाऊ आजमगढ़ निवासी पार्वती, रानी का पुरवा आजमगढ़ निवासी सौरभ, आजमगढ़ निवासी देवांश व निधि सिंह, तथा लखनऊ निवासी ज्योति सिंह घायल हो गई। सभी घायलों को सीएचसी ले जाया गया। जहां सूरज व अजय की हालत गम्भीर देखकर डाक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। रास्ते में सूरज की मौत हो गई। दूसरी घटना रायबरेली अयोध्या रोड स्थित आम घाट पुल के निकट हुई। बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के फाजिलपुर निवासी 35 वर्षीय सूरज अपने पुत्र अजय के साथ बाइक से घर वापस जा रहा था। अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों घायल हो गए।

## घर में लगी आग, महिला की जलकर मौत

सुल्तानपुर। जिले के बल्दीराय क्षेत्र के बहुरांवा गांव में बीती रात अज्ञात कारणों से अचानक आग लगने से एक महिला की जलकर दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना में घर का पूरा सामान जलकर राख हो गया। इसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।बलदीराय क्षेत्र के बहुरांवा गांव में त्रिभुवन गुप्ता का मकान है। शुक्रवार को सुबह तीन बजे अज्ञात कारणों से घर में आग लग गई। घर के अंदर कमरे में सो रही त्रिभुवन गुप्ता की पुत्री सरोज (28) की आग की चपेट में आने से जलकर मौत हो गई। ग्रामीणों ने पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। सरोज का शव ग्रामीणों ने कमरे की दीवार तोड़कर बाहर निकाला। आग से हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। हल्का लेखपाल ने मौके पर जाकर नुकसान का जायजा लिया है। सरोज के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस बाबत उप जिलाधिकारी बल्दीराय प्रिया सिंह ने कहा कि हर तरह से परिवार को शासन से मदद दिलाई जाएगी।

## डंपर और ट्रैक्टर में भिड़ंत, एक की मौत

सुलतानपुर। दोस्तपुर–बिरसिंहपुर मार्ग पर ताजुद्दीनपुर गांव के पास एक डंपर और ट्रैक्टर में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में ट्रैक्टर पर सवार तीन और एक साइकिल सवार समेत चार लोग घायल हो गए। चारों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से अम्बेडकरनगर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के कान्दूपुर निवासी जोखूराम (30) पुत्र टिन्ने व इसी कोतवाली क्षेत्र के कठौरिया निवासी हरीराम (50) पुत्र सूकन तथा 70 वर्षीय रामतेज एक ट्रैक्टर पर सवार होकर छीतेपट्टी से गन्ने का बीज लाने गए थे। वहां से लौटते समय ताजुद्दीनपुर गांव में साइकिल से सिलिंडर लेकर जा रहे दोस्तपुर थाना क्षेत्र के जमालपुर निवासी रामनिहोर (50) अचानक ट्रैक्टर के सामने आ गया। इस बीच वहां पूर्वांचल एक्सप्रेस वे में मिट्टी ढुलाई के काम में लगा डंपर भी आ गया। डंपर व ट्रैक्टर में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में ट्रैक्टर पर सवार रामतेज की मौत हो गई। जबकि उनके साथ रहे हरीराम, जोखूराम व साइकिल सवार राम निहोर तथा डंपर चालक वीपी पाण्डेय घायल हो गए। घायलों को सीएचसी दोस्तपुर पहुंचाया गया। वहां से उन्हें रेफर कर दिया गया। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## कोचिंग पढ़कर लौट रहे छात्र व युवक की मौत

सुल्तानपुर। बल्दीराय थाना क्षेत्र के हलियापुर कूरेभार रोड़ पर भवानीगढ़ कस्बे में कोचिंग पढ़कर लौट रहे छात्र व सामने से आ रहे युवक की बाइक आपस में टकरा गई। दोनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। हालत गंभीर होने पर बाजार के लोगों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय में भर्ती कराया। दोनों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रास्ते में दोनों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक दिलीप कुमार (21) पुत्र रामसूरत निवासी सिंदूरापुर डीह थाना बल्दीराय भवानीगढ़ कस्बे में कोचिंग पढ़कर लौट रहा था। उसकी बाइक सामने से आ रहे युवक धर्मेंद्र (32) पुत्र भारत निवासी पुरे निध्या शुक्ल देहली बाजार सामने से टकरा गई। आमने–सामने दोनों युवकों की भिड़ंत होने पर वे सड़क पर गिर गए। ग्रामीणों ने युवकों को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां उनकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रास्ते में दोनों युवकों की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बल्दीराय थानाध्यक्ष शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया दोनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## युवती के साथ छेड़खानी, मुकदमा

सुलतानपुर। जिले के लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की दलित युवती के साथ छेड़खानी का मुकदमा पुलिस ने दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। लंभुआ थाना के एक गांव की युवती घर से थोड़ी दूर पर स्थित लोहार की दुकान पर जा रही थी। आरोप है तभी रास्ते में एक युवक ने उससे छेड़खानी की। उससे जंगल में चलने की बात कही। विरोध करने पर आरोपी युवक ने धमकाया। इसके अलावा फोन करके भी परेशान करता था। पीड़ित युवती अपनी आपबीती घरवालों से बताई। पीड़ित युवती की तहरीर पर पुलिस ने हिरावनपुर कोतवाली लंभुआ निवासी आरोपी युवक तीरथ यादव के खिलाफ दलित उत्पीड़न एवं छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच जारी है।

# मतदाता जागरूकता के लिए स्कूलों में चुनावी पाठशाला

सुल्तानपुर। लोकसभा चुनाव में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए उन परिषदीय विद्यालयों में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया जिसे पोलिंग बूथ बनाया गया है। दूबेपुर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय दूबेपुर में स्वीप के नोडल प्रभारी एडीएम वित्त एवं राजस्व उमाकांत त्रिपाठी ने चुनाव पाठशाला का शुभारम्भ किया। स्वीप नोडल प्रभारी ने निर्वाचन आयोग की ओर से तैयार किए गए 'स्लोगन एक वोट से होई फैसला लोकतंत्र का यही हौसला, को बताया। कहा कि हम सभी 12 मई को शत–प्रतिशत निष्पक्ष मतदान कर एक स्वस्थ लोकतंत्र बनाएंगे। उन्होंने सभी को मतदान के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। बच्चों ने मतदाता जागरूकता से सम्बंधित लघु नाटिका, स्लोगन, लोकगीत, चित्रकला, जागरूक मतदाता प्रतियोगिता, आदि का आयोजन किया गया।सभी बीएलओ व प्रधानाध्यापक की ओर से गांव के वरिष्ठ नागरिकों, द्विव्यांगों, नवीन मतदाताओं को प्रेरित करने का संदेश दिया स्लोगन में लोकतंत्र हो तभी महान, सब जन मिलकर करें मतदान। एक वोट से होई फैसला, लोकतंत्र का यही हौसला। द्विव्यांगता की बाधा पार, वोट करेंगे अबकी बार। बीएसए कृष्ण कुमार सिंह, एबीआरसी सीमा सिंह, मुनीष पांडेय व समस्त स्टाप उपस्थित रहा। विद्यालय मिश्रपुर पुरैना में बूथ संख्या 61 पर चुनावी पाठशाला का आयोजन प्रधानाध्यापिका की ओर से किया गया। लोकसभा के चुनाव में पहली बार मताधिकार का प्रयोग करने वाले युवा मतदाताओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। बुजुर्गों को मतदान केन्द्र तक पहुंचाने के साथ साथ शत–प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। बीएलओ अमरावती व स्कूल स्टाफ का योगदान रहा। प्राथमिक विद्यालय मीरापुर में प्रधानाध्यापक के संयोजन में चुनाव पाठशाला हुई। इसमें लोकसभा के चुनाव में जो युवक पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे वे उत्साहित दिखे। बुजुर्गों वोटरों में उत्साह बरकरार रहे इसके लिए स्कूलों के बूथों पर मतदान के लिए प्रेरित किया।

## हाईटेंशन की चपेट से महिला की मौत

सुल्तानपुर। जिले में गुरुवार सुबह शौच के लिए निकली महिला 11 हजार लाइन के चपेट में आने से मौके महिला की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना को लेकर ग्रामीण में बिजली विभाग के खिलाफ दिखे। थाना रामकोट की पुलिस चौकी कचनार अंतर्गत पड़ने वाले ककरहा गांव निवासी सुशीला (60) पत्नी शोभरन गुरुवार की भोर घर से शौच के लिए निकली थी। परिजनों के अनुसार जैसे ही सुशीला गांव के बाहर पहुंची थी। इसी दौरान गांव के पश्चिम टूटी पड़ी ग्यारह हजार बिजली के तारों की चपेट में आ गई। जिससे बुजुर्ग महिला की झुलस कर मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज कचनार प्रदीप पांडे व रामकोट पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। उधर ग्रामीणों में बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर नाराजगी देखने को मिली।

# बदमाशों ने युवक से मोबाइल व बाइक छीनी

सुलतानपुर। अपाचे सवार युवक अपनी बुआ को ससुराल छोड़कर लौट रहा था कि मोतिगरपुर थाना अंतर्गत शारदा सहायक खंड 16 नहर के पास दो अज्ञात लुटेरे मारपीट कर युवक से अपाचे गाड़ी और उसकी मोबाइल लूटकर फरार हो गए। कोतवाली कादीपुर अंतर्गत सईदपुर निवासी प्रमोद यादव पुत्र ओम प्रकाश यादव अपनी बुआ रीता यादव को अपाचे से छोड़ने उनकी ससुराल मोतिगरपुर थाने के अहिरौली गांव गया था। बुआ को ससुराल छोड़कर प्रमोद दोपहर अपने घर वापस लौट रहा था। प्रमोद मोतिगरपुर थाने के सुमेरे का पूरा गांव के पास स्थित शारदा सहायक खंड 16 नहर पर पहुंचा ही था कि दो अज्ञात लुटेरों ने प्रमोद से लिफ्ट मांगा। प्रमोद ने जैसे ही गाड़ी धीमी की दोनों युवकों ने उसे मारना–पीटना शुरू कर दिया। बचाव के लिए प्रमोद जब चिल्लाने लगा, तभी लुटेरे तमंचे के बल पर उसकी गाड़ी और मोबाइल छीन कर फरार हो गए। प्रमोद ने घटना की जानकारी मोतिगरपुर थाने पर दी। जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर लुटेरों की तलाश शुरू की। लेकिन लुटेरे का कोई सुराग नहीं लगा सकी। दिनदहाड़े हुई लूट की इस वारदात से इलाके के लोगों में गुस्सा है। लोगों का कहना है कि आखिर पुलिस की गश्त कहां चल रही है। लोगों ने शीघ्र ही बाइक लूट की घटना के खुलासे की मांग की है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि, बाइक लूटने की जानकारी मिली है। घेराबंदी कर जांच की जा रही है। शीघ्र ही मामले खुलासा किया जाएगा।

# चेकिंग के दौरान उड़नदस्ता टीम ने नकदी पकड़ी

सुलतानपुर। लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया जारी है। आदर्श आचार संहिता लागू है। 5 विधानसभा क्षेत्रों अमेठी के जगदीशपुर (आंशिक) विधानसभा क्षेत्र में कुल 17 उड़नदस्ता टीमें सक्रिय हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी,जिलाधिकारी दिव्य प्रकाश गिरि ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में सभी जनपद वासी अपनी यात्रा के दौरान 50 हजार रुपये से अधिक की धनराशि अपने साथ लेकर चलें, तो उसका साक्ष्य,एविडेंस साथ अवश्य रखें। अन्यथा उनको कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है। प्रभारी अधिकारी व्यव अनुवीक्षणध्वरिष्ठ कोषाधिकारी वरूण खरे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के मानक 50 हजार रुपये से अधिक की नगद धनराशि बिना साक्ष्य के ले जाना प्रतिबन्धित है। जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात सुलतानपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के उड़नदस्ता टीम प्रभारी अधिकारी,पशुधन प्रसार अधिकारी, कुड़वार शशिकान्त वर्मा ने बुद्धवार देर सायं चेकिंग के दौरान टांटिया नगर बाइपास चौराहे के पास अनिल कुमार सिंह पुत्र स्व. ज्वाला प्रसाद सिंह निवासी 583 रघुकुल, निकट कावेंट स्कूल, सुलतानपुर की चार पहिया वाहन यूपी 44 एक्स 6700 से रूपये 3,50,000ध की धनराशि पकड़ी, जिसका साक्ष्य चेकिंग के दौरान उड़नदस्ता टीम को अनिल कुमार सिंह द्वारा न दिये जाने पर धनराशि जब्त कर कोषागार के डबल लाक में जमा करा दिया गया है।

## उड़नदस्ता टीम ने पकड़ी नकदी

सुलतानपुर। इसौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में उड़नदस्ता टीम ने नगदी पकड़ी है। टीम के प्रभारी अधिकारी अखिलेश वर्मा ने बताया कि सोमवार रात कुड़वार पावर हाउस के पास 90,700 रुपए एक व्यक्ति के पास से पकड़ा गया है। वरिष्ठ कोषाधिकारी वरुण खरे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के मानक 50 हजार से अधिक की नगद धनराशि बिना साक्ष्य के ले जाना प्रतिबन्धित है। पकड़ी गई नकद धनराशि कोषागार के डबल लॉक में जमा करा दी गई है। उन्होंने कहा कि जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू है। यह रुपया विपिन कुमार पाठक पुत्र अरुण कुमार पाठक निवासी ऊंचगांव के पास से मिली है। वह सुलतानपुर से मोटर साइकिल से कहीं जा रहे थे। रूपए का साक्ष्य मांगा गया है।

# खण्ड शिक्षा अधिकारी के कड़े रुख से अध्यापको में हड़कंप

## शिक्षा विभाग में गैरजिम्मेदाराना अध्यापको के बेतन कटौती की कार्यवाही

रामसनेहीघाट बाराबंकी। समाचार पत्रों में छपी खबर को संज्ञान में लेते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी बनीकोडर ने किठूरी व भीखरपुर सहित भरेहेमऊ तथा अन्य विद्यालयो के शिक्षकों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की संतुति बेसिकशिक्षा अधिकारी से की है। ब्लॉक बनीकोडर खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा अखबारों में प्रकाशित खबरों को संज्ञान में लेते हुए स्वय अचानक विद्यालयों में पहुचकर जांच की तो किठुरी उच्च प्राथमिकविद्यालय में तैनात अनुचर रामसुमिरन अनुपस्थिति पाए जाने पर वेतन काटने की संतुति के साथ प्राथमिक विद्यालय अहमदपुर द्वितीय की प्रधानाध्यापिका नुशरत जहाँ द्वारा मिड डे मील पंजिका में उपस्थित से अधिक छात्र संख्या का अंकन करने पर जांच की। जिसमे पंजीकृत छात्रों की अपेक्षा ज्यादा दर्ज पाई गई। इस पर खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ अजीत कुमार सिंह ने बताया कि मिड डे मील में छात्र संख्या बढ़ाना गम्भीर प्रकरण है और जांच में पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। इसी प्रकार दिनांक 5 अप्रैल को बंद पाए गए विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय भरहेमउ के इंचार्ज राम सुफल एवम विद्यालय में कार्यरत अनुदेशक वीरेन्द्र सिंह और कैलाश कुमार का एक दिन का मानदेय तथा प्राथमिक विद्यालय भरहेमउ के अध्यापक शिवेंद्र और अमिता का एक दिन का वेतन अवरूद्ध करने की संस्तुति जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बाराबंकी को भेज दी है। इससे पूर्व भी खण्ड शिक्षा अधिकारी बनीकोडर की जांच में बंद पाए गए विद्यालय प्राथमिक विद्यालय भीखरपुर एवम प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर उपाध्याय के अध्यापकों एवम शिक्षामित्रों के वेतन और मानदेय अवरूद्ध करने के साथ प्रथमिक विद्यालय सदुल्लापुर में बच्चो से झाडू लगवाने वाले प्रधानाध्यपक नन्द किशोर मिश्रा के वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही भी की गई है। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विद्यालय निर्धारित समय के अंदर बन्द पाए जाने पर वेतन अवरूद्ध करने के साथ एक वेतन व्रद्धि की कटौती भी की जाएगी। उन्होंनेबताया कि शिक्षा के प्रति लापरवाही कत्तई बर्दास्त नही किया जाएगा। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले अध्यापको के खिलाफ विभागीय नियमो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। इस जांच व कार्यवाही से शिक्षकों में हड़कंप मच गया है।

# विद्यालय व आबादी से सटे तालाबों में दिन रात हो रहा खनन

बाराबंकी। प्रदेश सरकार एक तरफ मिट्टी खनन पर अंकुश लगाने के लिए हर दिन नये–नये कानून बनाकर खनन रोकने का प्रयास कर रही है, लेकिन योगी सरकार कितने भी नियम कानून क्यों न बना ले, इस तरह के कानून माफियाओं के लिए कोई मायने नही रखता। इसका उदाहरण तहसील हैदरगढ़ क्षेत्र से निकालने वाली निर्माणाधीन बलिया एक्सप्रेस वे पर चल रहे मिट्टी पटाई कार्य में देखन को मिला जहां खनन माफिया नियमों को तांख पर रखकर वगैर किसी अनुमति के ग्रामप्रधान व क्षेत्रीय ग्रमीणों से दबंगई के बल पर आबादी से सटे ग्राम समाज व तालाबी भूमि पर जबरन खनन करवा कर प्रशासन को खुलेआम चुनौती दे रहे है। जानकारी के अनुसार जनपद के हैदरगढ़ से निकालने वाली निर्माणाधीन पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की मिट्टी पटाई का कार्य पेटी ठेकेदारो द्वारा कराया जा रहा है और ये ठेकेदार नियम कानून को तांख पर रखकर क्षेत्र में ग्रामीणों को डरा धमका कर अवैध रूप से खनन कर रहे है पहला मामला सुबेहा थाना क्षेत्र के ग्रामसभा हरचन्दपुर में आबादी व प्राथमिक विद्यालय से सटे तालाबी भूमि पर बीते एक पखवारे पूर्व दबंग खनन माफियाओं द्वारा चोरी छिपे खनन करवा लिया जब इस बात की भनक ग्रामीणों को लगी तो मौके पर जाकर इसका विरोध किया और इसकी सूचना तत्काल उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ को दिया लेकिन इसके बावजूद भी जब खनन कार्य नही रूका तो इसकी शिकायत जिलाधिकारी बाराबंकी से किया लेकिन जब तक कार्य पर हस्ताक्षेप होता तबतक कई डम्पर मिट्टी निकाल चुके थे। यही नही ग्रामसभा बलीगेरावां में भी खनन माफियाओं द्वारा आबादी से सटे कुछ तालाबों पर खनन कर रहे थे जब वहां के ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो दबंग खनन मफियाओं ने ग्रामीणों को जान से मारने की धमकी तक दे डाली यही नही ग्रामसभा शुकुलपुर में बने प्राथमिक विद्यालय भवन के समीप ही खनन माफियाओं द्वारा बिना मानक के रातो रात खनन करवा लिया और फरार हो गये जबकि शासन द्वारा यह कोई नियम नही कि आबादी व सरकारी विद्यालयों से सटे तालाबों पर मिट्टी खनन करवाया जाये जिससे लोगों का जान माल का खतरा हो। क्षेत्र के दर्जनों ग्रामप्रधानों ने आक्रोष व्यक्त करते हुये बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर मिट्टी पटाई का कार्य करने वाले पेटी ठेकेदारों द्वारा बिना मानक व बिना किसी अनुमति के जबरदस्ती खनन करवा रहे है जब इसका विरोध किया जाता है तो ठेकेदारों द्वारा जान से मारने की धमकियां मिलती है। प्रधान बलीगेरावां सरजू रावत ने बताया कि हमारी ग्रामसभा से सटे एक तालाब पर खनन माफियाओं द्वारा रातोरात खनन करवा लिया और जब गांव के सैकड़ो ग्रामीणों ने मौके पर जाकर मना किया तो उन्हे डरा धमका कर भगा दिया ग्रामीणों का कहना था की इसकी सूचना फोन से उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ का दिया लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई जिससे खनन करने वालों के हौसले और भी बुलंद हो गये। वही इस सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ से फोन वार्ता किया गया तो उनका फोन नही उठा तो अपर जिलाधिकारी बाराबंकी से बात की गयी तो उनका कहना था कि क्षेत्र के आस पास कुछ तालाबों पर मानक के मुताविक खनन करने का आदेश है लेकिन सारे तालाबों पर नही जांच कराकर दोषियों के विरूद्व कार्यवाही की जायेगी।

# मेनथा की फसल की नहरों से सिचाई न हुई तो जनपद के किसान करेंगें आन्दोलन

बाराबंकी। नहरों में पानी बंद न किये जाने के लिए दिये गये दिनांक 30.03. 2019 को जिलाध्यक्ष रामबरन वर्मा के ज्ञापन पर आज दिनांक 04.04.2019 को मुख्य अभियन्ता सिचाई राकेश कुमार गुप्ता से उनके सारदा सिचाई खण्ड तेलीबाग लखनऊ स्थित कार्यालय पर जिला अध्यक्ष रामबरन वर्मा के नेतृत्व में हुई वार्ता में मुख्य अभियन्ता को अवगत कराया कि वर्ष 2018 में अप्रैल महीने में नहरे बंद किये जाने के विरोध में सिचाई विभाग प्रांगण बाराबंकी में 13 दिन चले अनिश्चित कालीन धर्ने पर एन0सी0 ने लिखित आदेश दिया था कि जनपद बाराबंकी में नहरे बंद व चालू किये जाने के रोस्टर पर किसान संगठन से वार्ता करने पर ही नहरें बंद की जायेंगी। किन्तु सिचाई विभाग द्वारा बिना जनपद के किसान संगठनों से वार्ता किये बगैर अप्रैल में नहरे बंद किये जाने का रोस्टर जारी कर दिया जिससे मेनथा की फसल की नहरों से सिचाई न होने से जनपद के किसान आन्दोलित होंगे। जिसपर श्रीराकेश कुमार गुपता मुख्य अभियन्ता ने किसान नेताओं को आस्वासन दिया कि मेनथा फसल की सिचाई के लिये 5 मई 2019 तक नहरें बंद नहीं की जायेगी। जिसपर दिनांक 14.04.2019 को होने वाला धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया। मुख्य अभियन्ता सिचाई राकेश कुमार गुप्ता से वार्ता जिला सिचाई अभियन्ता बाराबंकी सुप्रभास सिंह की उपस्थिति में हुई वार्ता में जिला अध्यक्ष राम बरन वर्मा लखनऊ मण्डल सचिव इमरान खान जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायन कार्यकारिणी सदस्य राधेश्याम वर्मा, जिला प्रवक्ता सनद कुमार वर्मा, बंकी ब्लाक अध्यक्ष विक्रांत सैनी, नगर अध्यक्ष मो0 इस्माईल, अमरेश वर्मा, संदीप वर्मा, रामनरेश वर्मा, सुधाकर वर्मा, मो0 रियाज, जैद अंसारी आदि उपस्थित थे।

# मोदी राज में तंगहाली में आत्महत्या कर रहे किसान की कर्ज माफी करके कांग्रेस पार्टी देश के अन्नदाता के घर खुशहाली लायेंगी : तनुज पुनिया

बाराबंकी। भाजपा में अहंकार हैं, कांग्रेस में संस्कार, मोदी के अहंकार को कांग्रेस संस्कार से पराजित करेंगी, जुमलें फेककर झूठे सपने दिखाने से गरीब के पेट की भूख नही मिटती, कांग्रेस पार्टी 6 हजार रू. प्रतिमाह न्यूनतम मासिक आय उपलब्ध कराकर गरीब के पेट की भूख शान्त करेंगी। मोदी राज में तंगहाली में आत्महत्या कर रहे, किसान की कर्ज माफी करके कांग्रेस पार्टी देश के अन्नदाता के घर खुशहाली लायेंगी, देश का नौजवान, किसान, गरीब, खुशहाल रहे इसके लिये आपको 6 मई को अपने बूथ पर निर्णायक लड़ाई लड़कर साम्प्रदायिक ताकतों को पराजित करके कांग्रेस का परचम लहराना होगा। उक्त बातें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने आज अपने ओबरी आवास पर सेक्टर प्रभारियों के साथ चुनावी रणनीति बनाने के समय दिलाया। सेक्टर प्रभारियों से मुखातिब होते हुए कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि आपको अपने सेक्टर में कांग्रेस पार्टी के विकास बलिदानी इतिहास के साथ प्रवेश करना हैं। साथ 2009 से 2014 तक विकास पुरूष कर्मयोगी सांसद डॉ.पी.एल.पुनिया के द्वारा कराये गये हैं ऐतिहासिक विकास की जानकारी भी देना हैं। लोकसभा क्षेत्र में 4 हजार गावों का विद्युतीकरण, घाघरा नदी पर 54 किमी. का बंधा, ट्रामा सेन्टर, दिव्यांगो को उपकरण की उपलब्धता, विकास खण्ड हरख के ग्राम जैसाना में टंकी, बरायन में पॉलीटेक्निक, चार इण्टर कालेज, देवा महादेवां, में ऑडिटोरियम में सांसद निधि से सहायता, मन्दिर मस्जिद, विद्यालयों, अनाथालयों में सौर्य ऊर्जा लगवाना, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के नाम रिकार्ड में दर्ज जमीनों पर चहारदीवारी, हैण्डपम्प लगवाना। यह सब 1 हजार करोड़ से ज्यादा के विकास के कार्य करवाकर सांसद पुनिया ने विकास का रथ जो चलाया हैं उसी का सारथी बनकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने की शपथ लेकर आपके बीच चुनाव मैंदान में आया हूँ। आप अपने सेक्टर में मतदाता सूची के साथ निकलकर कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान की अपील करें। आवाम आशाभरी निगाहों से आपकी तरफ देख रही हैं। विगत् दो वर्षो से मैंने लगातार क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी हैं और आज भी आवाम के पास पहुंचने की भरसक कोशिश कर रहा हूँ फिर भी अगर आपको मेरी जरूरत महसूस होती हैं तो मैं वहां हाजिर हूँ। जनसम्पर्क अभियान के क्रम में प्रत्याशी की पत्नी श्रीमती श्रद्धा सिंह पुनिया ने विकास खण्ड देवां की न्याय पंचायत टेराकला के ग्राम सालेहनगर उदवतनगर, टेराकला, टेराखुर्द, मिरजानगर, मोहनपुर, दाउदपुर, में व्यापक जनसम्पर्क करके कांग्रेस प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। सेक्टर प्रभारियों के साथ चुनावी चर्चा में मुख्य रूप से कांग्रेस अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, गौरव वर्मा, सिकन्दर अब्बास रिजवी, अजय रावत, रितेश रावत, गुफरान खान, सौरभ वाल्मीकि, रत्नेश निगम, मण्डिसा साहू, मो. मोहसिन, मो. हसन, कोमल सिंह, विपिन शर्मा, तरूण चावला रमेश यादव, एम.पी. निगम, त्रिभुवन यादव, लल्लन वारसी सहित दर्जनो सेक्टर प्रभारी मौजूद थें।

## हम्बोल्ट पब्लिक जूनियर हाई स्कूल राजकमल रोड सत्यप्रेमी नगर मेधावी बच्चों को पुस्कार वितरण

बाराबंकी। मेधावी हुए सम्मानित हम्बोल्ट पब्लिक जूनियर हाई स्कूल राजकमल रोड सत्यप्रेमी नगर मेधावी बच्चों को पुस्कार वितरण स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती हेमा पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रथम आने वाले बच्चे मो0 फरहान,अलफिशा फातिमा, अब्दुल्लाह, अभिमन्यु तुशार निगम, अमृत सोनी, इरम फातिमा, जैफ शताक्षी वितारी, फैजुल बैष्णवी यादव, प्रिन्सी गुप्ता तथा द्वितीय आने वाले आयुष शर्मा जोया फातिमा, अर्पित शर्मा, खुशी, मान्था कनौजिया, उम्मेहानी, इरम फातिमा, उसमान सिद्दीकि अनुभव स्तोगी अनामिका कश्यप, जैनल फातिमा तथा तृतीय आने वाले विधि निगम, कार्तिक सोनी, उत्कर्ष शर्मा, इस्माइल, मृत्युजय, फैज आमिर, नैतिक गुप्ता, वैष्णवी कुमारी, अरीफा, मो0 वकार, यशिका, सबीहा इस अवसर पर विद्यालय के सुनीता सिंह, नीरू गुप्ता, दीप्ति, निशा, रूकसार, बुशरा एकता समस्त अध्यापिकाएँ सम्मिलित थी।

# चुनाव आयोग की अनुमति से नये एस पी हुए तैनात

बाराबंकी। चुनाव आयोग की अनुमति से नये एस पी हुए तैनात। अजय साहनी को मिली बाराबंकी की कमान । अजय साहनी इससे पहले 35 वीं वाहिनी के रह चुके हैं सेना नायक । हाल ही में पुराने एस पी का चुनाव आयोग द्वारा निलम्बन हो गया था । जिसके कारण नई नियुक्ति की पड़ी आवश्यकता । बाबा ब्ड योगी के खास ग्ैअजय साहनी बन गए बाराबंकी के कप्तान,दलाल नेताओ के खड़े हुए कान,जुआ,सट्टा,अवैध शराब,मार्फीन के तस्कर परेशान,अवाम को लूटने वाले कई इंस्पेक्टर जुगाड़ लगाने के लिए तैयारलखनऊ–मूलरूप से महराजगंज जनपद के रहने वाल अजय साहनी सीएम योगी आदित्य नाथ के बेहद करीबी हैं। सत्ता में आने के बाद जब क्राइम कंट्रोल में योगी सरकार फेल थी उस समय साहनी को आजमगढ़ भेजा गया था। साहनी भी योगी की उम्मीदों पर खरे उतरे और 32 एनकाउंटर कर अपराधियों में ऐसा खौफ पैदा किया कि अपराध पूरी तरह कंट्रोल हो गया लेकिन वे वहा के भाजपाइयों की उम्मीद पर खरे नहीं उतरे थे। अलीगढ़ में भी इन्होंने अपना जलवा बनाकर खुराफातियों को हैरान कर दिया था इसके बाद 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ में सेनानायक थे साहनी, चुनाव आयोग की अनुमति से नए एसपी के रूप में बाराबंकी तैनात किया गया हैं।

## अमेठी की सीमा पर चला चेकिंग अभियान

कुमारगंज (अयोध्या)। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने फैजाबाद–रायबरेली हाईवे पर अमेठी सीमा के नजदीक चेकिंग अभियान चलाकर सैकड़ों लग्जरी, लोडेड तथा सरकारी गाड़ियों को चेक किया। दोपहर से लेकर देर शाम तक चले इस अभियान का नेतृत्व उपजिलाधिकारी केडी शर्मा एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर रुचि गुप्ता ने



संभाला, इसमें एक दर्जन लेखपालों के साथ कई थानों की पुलिस शामिल रही। संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर ही जाने की इजाजत दी गई। इस मौके पर थाना प्रभारी कुमारगंज मनोज कुमार सिंह, दारोगा रामप्रकाश त्रिपाठी, संतराज यादव, हरेकृष्ण, रेखा सिंह की मौजूदगी रही।

## मास्टर टेनर्स की लिखित परीक्षा में आठ फेल

अयोध्या। लोकसभा चुनाव में कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के लिए क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान–डाभासेमर में मास्टर टेनर्स की लिखित परीक्षा के आए परिणाम में आठ कर्मी फेल हो गए। यह परीक्षा गुरुवार को हुई थी। 60 कर्मचारियों ने इसमें प्रतिभाग किया था। अपर प्रभारी अधिकारी (कार्मिक)धजिला विकास अधिकारी हवलदार सिंह के अनुसार फेल कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी की जा रही है। परीक्षा सीडीओ अभिषेकआनंद की देखरेख में संपादित कराई गई। मास्टर टेनर्स का इवीएम एवं सामान्य प्रशिक्षण था। जिला विकास अधिकारी हवलदार सिंह, पीडी कमलेशकुमार सोनी, डीडीसी तरुणकुमार मिश्र प्रशिक्षण देने वालों में शामिल रहे। बलवीर गौड़, ज्ञानप्रकाश, प्रवीणकुमार(आइटीआइ), जेई रविकांत, अशोककुमार, शिक्षक रामदत्त, रवींद्रकुमार एवं काशीप्रसाद को नोटिस जारी की गई है। एक बार फिर से इन सबको प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। प्रथम पाली की मौखिक परीक्षा में जेई प्रमोद शर्मा, मदनप्रसाद गुप्त, छविनाथ पांडेय, अरविदकुमार यादव, अशोककुमार, खुशियालचंद्र, रितेश विश्वकर्मा एवं मो. शकील के नाम पास होने वालों में है।

## मेले में अयोध्या तक जाएगी प्रयाग पैसेंजर

अयोध्या। रामनवमी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर परिवहन सेवा देने के लिए रेलवे ने भी तैयारी कर रखी है। फैजाबाद से चलकर प्रयाग को जाने वाली पैसेंजर ट्रेन को अयोध्या तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसके अतिरिक्त अयोध्या जंक्शन पर ट्रेनों का ठहराव दो मिनट के स्थान पर पांच मिनट करने का निर्णय लिया गया है। अयोध्या से होकर गुजरने वाली कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों में दो अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे। रामनवमी मेला छह अप्रैल से शुरू हो रहा है। श्रद्धालु एक दिन पहले से आना शुरू हो चुके हैं। मेला 14 अप्रैल तक चलेगा।

## पुलिसकर्मियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश

अयोध्या। लखनऊ–अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर रौनाही थाना क्षेत्र में हुए ट्रक व नकदी लूट के मामले में पुलिसकर्मियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश कोर्ट ने दिया है। इसमें फाइनेंसर कंपनी की लिप्तता भी बताई गई है। ट्रक स्वामी संजय सिंह खंडासा थाना क्षेत्र के रामनगर गांव का निवासी है। उसकी ओर से अधिवक्ता मार्तंड प्रताप सिंह ने सिविल जज सीनियर डिवीजन प्रथम की कोर्ट में अर्जी दी थी। अर्जी के मुताबिक चालक शिवकुमार ट्रक पर बांदा से मोरंग लाद कर निकला था। ट्रक रौनाही थाना क्षेत्र गयागंज स्थित एक होटल पर रुका। बीते पांच मार्च की रात करीब साढ़े 11 बजे पुलिस की वर्दी व सादे कपड़ों में कुछ लोग कार से आए और चालक पर लोहे की राड से हमला कर उससे नकदी छीन ली। सादे कपड़ों में आए लोगों ने अपने को फाइनेंस कंपनी का आदमी बताया और ट्रक लेकर भाग गए। तब से ट्रक का पता नहीं चला। पीड़ित ने इसकी तहरीर रौनाही थाने में दी। प्राथमिकी दर्ज न होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से भी शिकायत की। इस पर भी कार्रवाई नहीं की गई और ट्रक का पता लगाने का प्रयास भी नहीं किया गया।

## 1710 छात्र–छात्राओं ने छोड़ी परीक्षा

अयोध्या। डॉ.राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा के अंतर्गत शनिवार को 1710 छात्र–छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी। इस दौरान आठ सचलों ने अलग–अलग जिलों में 52 परीक्षा केंद्रों में चल रही परीक्षा का निरीक्षण किया पर एक भी नकलची हाथ नहीं आ सका। ये जानकारी परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने दी।

# देश भी बनेगा मंदिर भी बनेगा : कटियार

अयोध्या रू मौजूदा चुनाव में भाजपा अपनी सफलता दोहराएगी और पूरी ताकत से पुनरू सत्ता में आएगी। भाजपा की सत्ता के साथ देश भी बनेगा और मंदिर भी बनेगा। यह भरोसा जताया, शीर्ष भाजपा नेता एवं मंदिर आंदोलन के आतिशी प्रवक्ता रहे विनय कटियार ने। उन्होंने कहा, राष्ट्र विरोधी और हिदू विरोधी ताकतों को पस्त करना जरूरी है। वे नवसंवत्सर की पूर्व संध्या पर होने वाली रामकोट की परिक्रमा के दौरान बिड़ला धर्मशाला के सामने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के अलावा अमेठी से चुनाव लड़ने के सवाल पर 2014 के चुनाव परिणाम की ओर ध्यान दिलाया और कहा, तब स्मृति ईरानी ने राहुल को कड़ी टक्कर दी थी और इस बार के चुनाव में वे डरे हुए हैं और अपनी संभावना के लिए वायनाड लोकसभा क्षेत्र से किस्मत आजमाने पहुंच गए हैं। कटियार ने कहा, आश्चर्य नहीं कि राहुल को दोनों लोकसभा क्षेत्रों से हार का सामना करना



पड़े। उन्होंने उत्तरप्रदेश में सपा–बसपा गठबंधन की संभावना को कोरा गणितीय बताया। कहा, लोग प्रधानमंत्री और मौजूदा सरकार से प्रभावित हैं और ऐसे में दोनों दलों का एक–दूसरे के लिए वोट ट्रांसफर होना ख्याली पुलाव भर है और भाजपा प्रदेश में पिछली बार से भी अधिक लोकसभा की सीटें जीतेगी।

# ट्रेन यात्रियों को गुलाब दे डीएम ने की मतदान की अपील

अयोध्या। मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कामाख्या एक्सप्रेस के यात्रियों को



जागरूक किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम दास गुप्त ने यात्रियों को गुलाब का फूल दे मतदान में भागीदारी की अपील की। कामाख्या से चलकर बनारस, अकबरपुर, अयोध्या, लखनऊ होते हुए गांधीग्राम तक जाने वाली कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन के ड्राइवर व यात्रियों को गुलाब के फूल देकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। मतदाता जागरूकता के स्लोगनों, मतदाताओं को प्रेरित करने वाले आकर्षित संदेश रेलवे स्टेशन पर गूंजते रहे। जिलाधिकारी ने यात्रियों को गुलाब का फूल दिया और साथ में वोटर के रूप में रजिस्टर्ड हैं कि नहीं की जानकारी की। फैजाबाद जक्शन के प्लेटफार्म पर मतदाता जागरूकता के संदेशों के फ्लैक्सी, बोर्ड बैनर आदि लगाए गए हैं, जिससे अधिक से अधिक ट्रेन यात्री संदेशों को देखें और आने वाले चुनाव में ज्यादा संख्या में वोट के लिए भागीदारी करें। स्टेशन अधीक्षक आरके उपाध्याय, डिप्टी एसएस दिग्विजय कुमार आदि ने भी यात्रियों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

## बिना कनेक्शन चल रही आटाचक्की पकड़ी गई

रुदौली (अयोध्या)। पावर कारपोरेशन ने बिजली चोरी करने वालों पर शिकंजा कसा है। गुरुवार की देर शाम बिना कनेक्शन के चल रही आटा चक्की को कारपोरेशन की टीम ने छापा मारकर पकड़ा। उससे डेढ़ लाख रुपये शमन शुल्क वसूला गया।

एसडीओ ने बताया कि असंदरा थाना अंतर्गत गांव हाड़ का पुरवा निवासी इनामरसूल बिना कनेक्शन के चक्की चला रहा था। सूचना मिलने पर बीती शाम छापा मारा। उसके खिलाफ थाना असंदरा में प्राथमिकी दर्ज कराने के साथ ही डेढ़ लाख रुपये जुर्माना वसूला गया। एसडीओ आरके सिंह ने बताया कि बिजली चोरी करने वाले बख्शे जाएंगे। जांच टीम में अनेक कर्मचारी शामिल रहे।

## कोयला साइडिग से बढ़ी दुश्वारी

अयोध्या। अयोध्या रेलवे स्टेशन के करीब स्थित कोयला साइडिग से उठता गर्दो–गुबार दुश्वारी बढ़ाने वाला है। इस समस्या से न केवल आस–पास की आबादी पीड़ित है, बल्कि कई स्कूल भी साइडिग से उठने वाले गर्दो–गुबार की चपेट में हैं। यह सही है कि रेलवे स्टेशन के कायाकल्प के बीच कोयला साइडिग



कुछ ही दिनों की मेहमान है पर हाल के कुछ दिनों में जिस गति से यहां कोयला और क्लिकर की अनलोडिग हुई, उससे उपजा प्रदूषण चिताजनक स्तर तक बढ़ा है। पास स्थित अयोध्या एकेडमी के प्रबंधन से जुड़े प्रदीप त्रिपाठी कहते हैं, साइडिग जब हटेगी, तब देखा जाएगा। फिलहाल, नौनिहालों को इससे मुक्ति चाहिए। वे इस समस्या की ओर जिम्मेदारों का ध्यान आकृष्ट करा चुके हैं पर परिणाम शून्य रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार फौरी तौर पर अधिकाधिक जल छिड़काव से प्रदूषणजनित समस्या पर कुछ हद तक काबू पाया जा सकता है पर जिम्मेदार जल छिड़काव की जहमत नहीं उठाना चाहते।

## लोकसभा निर्वाचन को सकुशल, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से कराने के लिए समीक्षा बैठक

गोण्डा। आयुक्त देवीपाटन मण्डल महेन्द्र कुमार ने लोकसभा निर्वाचन को सकुशल, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से कराने के लिए समीक्षा बैठक की। मण्डलायुक्त ने प्रभारी अधिकारी कार्मिक को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे कार्मिकों की पर्याप्त उपलब्धता पहले से ही सुनिश्चित रखें। उन्होने कहा कि निरोधात्मक कार्यवाही युद्धस्तर पर की जाए और प्रत्येक गांव से पांच–पांच उपद्रवी लोगों का मोबाइल नम्बर लेकर ऐसे लोगों को पहले से सचेत कर दें। समीक्षा में ज्ञात हुआ कि पुलिसिया कार्यवाही में जनपद गोण्डा गोरखपुर जोन में कार्यवाही में नम्बर वन पर है। सीडीओ को निर्देश दिए कि वे सभी बीडीओ को निर्देश दें कि ब्लाक के सभी ग्राम प्रधानों को बुलाकर मीटिंग करा लें। और उन्हें सख्त चेतावदी दे दें कि यदि उनकी ग्राम पंचायत में मतदान प्रतिशत कम पाया गया उनसे जवाब तलब किया जाएगा। कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए के लिए पूरे जिलें में पुलिस की 300 क्लस्टर मोबाइल भ्रमणशील रहेगीं। प्रत्येक आधे घंटे पर हर मतदान केन्द्र पर पहुंचते रहेगें। आयुक्त ने जिले में प्रत्येक विधानसभा से 50 सबसे कम मत प्रतिशत वाले बूथों की सूची तलब कर डीएम व सीडीओ को ऐसे केन्द्रों पर स्वयं जाकर कारण जानने व वहां का मत प्रतिशत बढ़वाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी आदेश दिए कि निर्वाचन के एक दिन पूर्व 5 मई की रात में सभी मतदान केन्द्रों पर कार्मिकों व सुरक्षा बलों के पहुंचने की रिपोर्ट सम्बन्धित सेक्टर मजिस्ट्रेट व थानाध्यक्ष देंगे ओर गैर हाजिर मिलने पर तत्काल ऐसे लापरवाहों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। बैठक में डीएम डा. नितिन बंसल, एसपी आरपी सिंह, अपर आयुक्त प्रशासन आरसी शर्मा, एडीएम रत्नाकर मिश्र, सीआरओ आरआर प्रजापति, एसडीएम सदर नितिन रहे।

## प्रशिक्षण से नदारद रहे 61 कार्मिकों पर केस दर्ज कराने के आदेश

गोंडा। लोकसभा चुनाव कराने के लिए मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण चालू हो गया है। प्रशिक्षण के प्रथम दिन नगर के शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कालेज में प्रोजेक्टर पर कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। वहीं प्रशिक्षण से नदारद पाए गए 61 मतदान कार्मिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के आदेश जिला निर्वाचन अधिकारी डा. नितिन बंसल ने दिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की भी संस्तुति की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि सभी कार्मिक समय से कार्मिक प्रशिक्षण में प्रतिभाग करें अन्यथा निश्चित ही कार्यवाही की जाएगी। प्रभारी अधिकारी कार्मिक सीडीओ आशीष कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में 33 कार्मिक व द्वितीय पाली में 28 कार्मिक सहित कुल 61 कार्मिक अनुपस्थित पाए गए जिनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। सभी कक्षों में प्रशिक्षण के लिए प्रोजेक्टर व साउण्ड सिसटम की विशेष व्यवस्था की गई है। जिस पर कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान सहायक प्रभारी कार्मिक पीडी सेवाराम चौधरी, डीएसओ, बीएसए रहे।

## आरपीएफ ने अभियान चलाकर सात वेंडरों को किया गिरफ्तार

गोंडा। जिले में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट के द्वारा वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त लखनऊ अमित प्रकाश मिश्रा व सहायक सुरक्षा आयुक्त विपिन कुमार सक्सेना के निर्देशन में अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान सात अवैध वेंडरों को पकड़ा गया। रेलवे एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया है। आरपीएफ ने बताया कि अवैध रूप से खान–पान बेच रहे ,मोटू, विजय कुमार ,रविंद्र सिंह भदौरिया ,अक्षय सिंह, भदौरिया ,पप्पू यादव ,मुकेश कुमार साह ,गुड्डू को गिरफ्तार किया गया है।

## विक्रेताओं के साथ आपूर्ति विभाग ने की बैठक

गोण्डा। लोकसभा निर्वाचन को सकुशल कराने के लिए बुधवार को आपूर्ति विभाग के तत्वावधान में मतदान जागरुकता अभियान के तहत उपजिलाधिकारी सदर डाक्टर नितिन गौर व जिला पूर्ति अधिकारी वीरेंद्र कुमार महान ने बैठक की। बैठक में सभी विक्रेता रहे। मौजूद लोकसभा चुनाव को देखते हुए आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने उचित विक्रेता को सही दिशा निर्देश में चुनाव करने के साथ साथ किसी एक पार्टी मे राजनैतिक दल के नेता के साथ न जाने की अपील की है। इस मौके पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, भानु प्रताप सिंह व पूर्ति निरीक्षक सदर बालेश्वर मणि, त्रिपाठी, अतुल कुमार श्रीवास्तव ,दिनेश , राम नरायन वर्मा , लिपिक रवि सहित सदर क्षेत्र के उचित दर विक्रेता मौजूद रहे।

## एंटी रोमियो टीम ने चलाया आत्मरक्षा अभियान

गोण्डा। एसपी आर. पी. सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे आपरेशन आत्मरक्षा अभियान के तहत एंटी रोमियो टीम द्वारा शहर के विभिन्न जगहों एलबीएस चौराहा, गांधी पार्क, हनुमानगढ़ी रोड, राधा कुण्ड आदि स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम प्रभारी व टीम की आरक्षियों द्वारा हनुमान गढ़ी रोड और मंदिरों में मिलने वाली महिलाओं से उनके सुरक्षा के सम्बंध में बात कर उनकी परेशानियां पूछी गई। उनके सुरक्षा के नजरिए से यूपी डायल 100 महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 के बारे में विस्तृत जानकारी देकर इन नम्बरों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान में एंटी रोमियो प्रभारी उप निरीक्षक मंजू यादव व टीम के आरक्षी सूरज गुप्ता, उपेंद्र कुमार, कौशलेन्द्र कुमार व महिला आरक्षी सीमा वर्मा, हेमलता व कविता मौर्या रहीं।

# चोरों ने घरों में छत के रास्ते से घुसकर लाखों रुपए के जेवरात व सामान चुराए

गोण्डा। शुक्रवार रात चोरों ने थाना क्षेत्र के दो गांवों में जमकर कोहराम मचाया। पांच घरों से सामान व नकदी मिलाकर लाखों रुपए चोरी कर ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व डाग स्क्वाड मामले की छानबीन कर रही है। रतनपुर में चोरों ने घरों में छत के रास्ते से घुसकर लाखों रुपए के जेवरात व सामान चुरा ले लिए। गांव के दीनानाथ तिवारी ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि रात में चोर छत के रास्ते से आंगन में घुसकर कमरे का ताला तोड़कर अलमारी के लॉकर से दो हार,चार कंगन,दो झुमकी,पांच अंगूठी, सोने की चौन, तीन मंगलसूत्र, करधन, पायजेब, पायल व नगदी पचपन हजार रुपये सहित करीब पांच लाख की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इसी गांव के विपिन तिवारी ने तहरीर देकर बताया चोर छत पर चढ़कर सीढ़ी के दरवाजे का ताला तोड़कर घर के अंदर रखे पेटी का कुंडा तोड़कर उसमें से झुमकी,झाला, नथुनी, दो अंगूठी,मंगलसूत्र, दो छोटी नथुनी,पावजेब,कपडा व नगदी आठ हजार रुपये सहित लाखों रुपयों की चोरी कर ले गए। इसके बाद चोर गांव के ही राम अजोर तिवारी के घर में घुसे इस दौरान परिवार के सदस्य जग गये और चोर जगने की आहट से बरामदे में टंगे कपड़े में से पांच सौ रुपए नगदी निकाल कर भाग गए। रात में चोरों का आतंक यहीं नहीं रुका। बगल गांव सिकहरा पहुंच गए और वहां सुनील सिंह के मकान में चोरी की। बक्सों का ताला तोड़कर साठ हजार रुपये नगद,सोने के जेवर, पायल,सोने की चौन,कान के आभूषण सहित करीब डेढ़ लाख रुपए के नगदी एवं सामान चुरा ले गए। इसके बाद चोरों ने इसी गांव के विनोद के घर धावा बोल दिया। यहां सभी लोग घर में ताला लगाकर बरामदे में सो रहे थे। चोरों ने बरामदे का ताला तोड़कर घर में रखे बाक्स का ताला तोडकर चांदी का पायल व सोने के कई आभूषण एवं दस हजार रुपये की नगदी चुरा ले गए। सूचना पर पहुंची डाग स्क्वायड,सर्विलांस टीम व क्षेत्राधिकारी मनकापुर एसके रवि ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी लिया। क्षेत्राधिकारी एसके रवि ने बताया की घटनास्थल के बगल सीमावर्ती जनपद बस्ती के गौर थाने की पुलिस व सर्विलांस की मदद से जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## मतदाता जागरूकता गोष्ठी मतदान एवं लोकतंत्र का आयोजन

गोण्डा। लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को उनके एक–एक वोट का महत्व बताने के लिए लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के बीएड विभाग में मतदाता जागरूकता गोष्ठी मतदान एवं लोकतन्त्र' का आयोजन किया गया। शुभारम्भ देवीपाटन मण्डल के आयुक्त महेन्द्र कुमार, डीआईजी डा. राकेश सिंह व जिला निर्वाचन अधिकारी डा. नितिन बंसल ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। मण्डलायुक्त ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में जनता की सबसे बड़ी भूमिका है। इसका अहसास युवाओं से लेकर बुजुर्गों सभी को होना चाहिए। भारत युवाओं का देश है। युवाओं की जिम्मेदारी है कि सशक्त लोकतंत्र के लिए आमजन में जागरूकता लाएं। डीआईजी डा. राकेश सिंह ने कहा कि हर नागरिक अपने वोट की कीमत समझे और वोट जरूर डाले।जिला निर्वाचन अधिकारी डा. नीतिन बंसल ने कहा कि मतदाता अगर अपने अधिकार का प्रयोग नहीं करे, तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया कमजोर होती जाएगी। इसलिए लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हर मतदाता को अपना वोट जरूर डालना चाहिए। उन्होंने मतदान के लिए प्रेरित करते हुए संविधान से मिले वोट के अधिकार को प्रयोग करने की अपील की तथा काम छोड़कर पहले मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मतदाताओं से अपील किया कि वे सब 6 मई को सब काम छोड़कर वोट डालने जरूर जाएं। इस अवसर पर कालेज की छात्र–छात्राओं द्वारा सुनो रे भाई नामक नाटक की शानदार प्रस्तुति व जागरूकता गीत प्रस्तुत किए गए। इस दौरान एसडीएम सदर नितिन गौर एलबीएस के सचिव उमेश शाह, साहित्यकार व लेखक डा सूर्यपाल सिंह, प्रचार्या वन्दना सारस्वत, बीएड विभागाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह, प्रोफेसर आरबी सिंह बघेल, स्वीप प्रभारी प्रदीप मिश्र व अन्य मौजूद रहे।

## नगर क्षेत्र में सघन चेकिंग तेज

गोण्डा। लोकसभा चुनाव को लेकर आपरेशन आत्मरक्षा अभियान ने भी रफ्तार पकड़ ली है। इसके तहत नगर क्षेत्र में सघन चेकिंग तेज कर दी गई है। गोंडा जिले के एसपी आरपी सिंह के निर्देशन में एंटी रोमियो टीम द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन आत्मरक्षा अभियान के तहत शहर के विभिन्न जगहों रेलवे स्टेशन रोड, मनकापुर बस अड्डा बड़गांव चौकी, आवास विकास कालोनी, प्रेरणा पार्क आदि स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान टीम द्वारा शहर में मिलने वाली लड़कियों व महिलाओं को उनके सुरक्षा के सम्बंध में बात कर उनकी परेशानियां पूछी गई। उनके सुरक्षा के दृष्टिकोण से यूपी डायल 100 और महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 के बारे में उपयोगी जानकारी देकर इन नम्बरों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान में एंटी रोमियो प्रभारी उप निरीक्षक मंजू यादव व टीम के आरक्षी– सूरज गुप्ता, कौशलेन्द्र, उपेंद्र कुमार, महिला आरक्षी हेमलता, कविता मौर्या व सीमा वर्मा रहीं।

## कलश स्थापना के साथ चौत्र नवरात्र का पूजन शुरू

गोण्डा। चौत्र नवरात्र के पहले दिन शनिवार को देवी मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। देवी मंदिरों में माता रानी के जयकारों के साथ हवन–पूजन शुरू हो गया। कलश स्थापना कर श्रद्धालु ने नवरात्र व्रत का शुभारंभ किया। नगर के खैरा भवानी और काली भवानी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं बेलसर क्षेत्र के मुकुन्दपुर गांव में बने ऐतिहासिक मन्दिर में मां वाराही देवी के मंदिर में चौत्र नवरात्र मेले का आगाज हो गया है। वाराह पुराण के मतानुसार जब हिरण्य कश्यप के भ्राता हिरण्याक्ष का वध करने के लिए भगवान विष्णु ने वाराह अवतार लिया तो पाताल लोक जाने के लिए आदिशक्ति की उपासना की तो मुकुन्दपुर में सुखनई नदी के तट पर मां वाराही देवी अवतरित हुई। इस मन्दिर में एक सुरंग स्थित है जिसके विषय में माना जाता है कि भगवान वाराह ने पाताल लोक तक का मार्ग इसी सुरंग के राह तय किया था और हिरण्याक्ष का वध किया था।इस सुरंग के गर्भगृह में अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित होती रहती है। इस सुरंग की गहराई आज तक नापी नहीं जा सकी। मां वाराही का दर्शन पूजन करने वाले को आयु और यश की प्राप्ति होती है और मांगी गई मन्नत निश्चित ही पूरी होती है। लोक मान्यताओं के अनुसार यहां प्रतीकात्मक नेत्र चढ़ाने से आंखों की विभिन्न जटिल बीमारियों का निवारण होता है। मंदिर के पुजारी राघव दास व योगेंद्र दास ने बताया कि वाराह भगवान की इच्छा से पसका सूकर खेत के निकट मुकुन्दपुर गांव में वाराही देवी प्रकट हुई थी। तभी भगवान विष्णु के नाभि कमल पर विराजमान ब्रह्मा और मां सतरुपा ने देवी के अवरित होने पर भवानी अवतरी का उद्घोष किया।

## डाक्टर व कर्मचारियों ने किया श्रमदान

गोण्डा। एक अप्रैल से प्रारम्भ हुए स्वच्छता पखवाड़ा के तहत अधीक्षक डॉ. आशुतोष शुक्ला के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वजीरगंज में समस्त स्टाफ तथा थाना के प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह व पुलिस कर्मियों ने श्रमदान किया। इस अवसर पर डॉ. सत्येंद्र सिंह, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी एसबी वर्मा, फार्मासिस्ट वेद प्रकाश भारती, एचएस बीएन पाण्डेय, एल टी वीरेंद्र कुमार दूबे,बीएचडब्लू नितिन सिंह, ओम प्रकाश शुक्ला, आशा संगिनी हेमा मिश्रा, मनोज कुमार सहित अन्य मौजूद रहे। उपकेन्द्र करदा में भी श्रमदान एएनएम, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री के द्वारा किया गया। स्वास्थ्य उपकेन्द्र अचलपुर में आयोजित सुपोषण स्वास्थ्य मेला एवं टीकाकरण का निरीक्षण अधीक्षक डॉ. आशुतोष शुक्ला एवं मुख्य केंद्र पर आयोजित उक्त मेला एवं टीकाकरण सत्र का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण एचईओ एसबी वर्मा ने किया।

# जीत की राह पर लौटी चेन्नई, पंजाब को 22 रनों से हराया

चेन्नई। हरभजन सिंह की अगुवाई में चेन्नई सुपर किंग्स के स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को आईपीएल के मैच में टीम को किंग्स इलेवन पंजाब पर 22 रन से जीत दिलाई। चेन्नई के तीन विकेट पर 160 रन के जवाब में पंजाब की टीम के एल राहुल (55)और सरफराज खान (67) के अर्धशतकों के बावजूद पांच विकेट पर 138 रन ही बना सकी। पंजाब को आखिरी ओवर में 26 रन बनाने थे लेकिन कीवी गेंदबाज स्काट के ने न सिर्फ सरफराज को आउट किया बल्कि तीन ही रन दिये। हरभजन ने चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट चटकाये जिसमें क्रिस गेल का विकेट शामिल था। गेल दूसरे ही ओवर में पांच के स्कोर पर महेंद्र सिंह धोनी को कैच दे बैठे। दो गेंद बाद मयंक अग्रवाल ने सीमारेखा के पास फाफ डु प्लेसिस को कैच थमाया। राहुल और सरफराज ने तीसरे विकेट के लिये शतकीय साझेदारी की लेकिन गेंद और रन का अंतर बढता गया।



इससे पहले सलामी बल्लेबाज डु प्लेसिस की अर्धशतकीय पारी के बाद कप्तान धोनी और अंबाती रायुडू की अंतिम ओवरों में तेज तर्रार पारी से चेन्नई सुपरकिंग्स ने तीन विकेट पर 160 रन बना लिये। डु प्लेसिस ने 38 गेंद की पारी में दो चौके और चार छक्के की मदद से 54 रन बनाये। उन्होंने शेन वाटसन (26) के साथ पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी की। चेन्नई के लिए अंतिम ओवरों में धोनी (23 गेंद में नाबाद 37) और रायुडू (15 गेंद में 21 रन) ने चौथे विकेट के लिए नाबाद 60 रन की साझेदारी की जिससे गत चौम्पियन सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच सका। दोनों की धुआंआर साझेदारी से टीम ने अंतिम पांच ओवर में 52 रन जोड़े। किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान रविचंद्रन अश्विन सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे जिन्होंने चार ओवर में 23 रन देकर तीन विकेट लिये। सत्र में अपना पहला मैच खेल रहे डु प्लेसिस और वाटसन ने चेन्नई को तेज शुरूआत दिलायी।

दोनों ने मैच के छठे ओवर (33 गेंद) में 50 रन पूरा किया। इस दौरान दोनों बल्लेबाजों ने पंजाब के गेंदबाजों पर करारा प्रहार किया। डु प्लेसिस शुरूआत से ही लय में दिखे और उन्होंने टाई मोहम्मद शमी और एंड्रयू टाई की गेंदों पर छक्का लगाया। वाटसन आर अश्विन की गेंद पर बड़ा शाट खेलने के चक्कर में सैम कुरेन को कैच थमा बैठे। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आये रैना (17) ने डु प्लेसिस के साथ 44 रन की अहम साझेदारी की। दोनों बल्लेबाल एक–एक रन चुराने के साथ बीच–बीच में बड़ा शाट भी खेल रहे थे। आर अश्विन ने हालांकि लगातार गेंदों पर दोनों का विकेट लेकर टीम को संकट में डाल दिया। डु प्लेसिस आर अश्विन की गेंद पर डेविड मिलर को कैच थमा बैठे तो वही रैना बोल्ड हो गये।

# आक्रामकता वार्नर को खतरनाक बल्लेबाज बनाता है : यूसुफ पठान

नयी दिल्ली। सनराइजर्स हैदराबाद के हरफनमौला खिलाड़ी यूसुफ पठान ने शानदार फार्म में चल रहे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर के बारे में कहा कि अपनी आक्रामकता के कारण वह इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में इतने सफल हैं। वार्नर और ऑस्ट्रेलिया के तत्कालीन कप्तान स्टीव स्मिथ को दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़छाड़ का दोषी पाये जाने के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था। निलंबन से वापसी के बाद वार्नर आईपीएल में शानदार लय में हैं। उन्होंने दो अर्धशतक के साथ एक नाबाद



शतकीय पारी भी खेली है। पठान ने एक साक्षात्कार में कहा, ''एक सफल बल्लेबाज वह है जो बड़े मैच में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद फिर अगले मैच में भी शानदार प्रदर्शन को दोहराये। वार्नर में आक्रामकता भरी हुई है जो उन्हें अच्छा करने के लिए प्रेरित करती है। लगभग एक साल तक खेल से दूर रहने के बाद भी यह उनके बल्लेबाजी में भी दिख रहा है। यही आक्रामकता उन्हें खतरनाक बल्लेबाज बनाती है।'' पठान ने कहा, ''वह एकाग्र और अच्छा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्हें बल्लेबाजी करते देखने में मजा आता है। यह हमारे लिए अच्छा है। विश्व कप से पहले वार्नर का ऐसा प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया के लिए भी अच्छा हैं।'' आईपीएल के लिए खुद की तैयारी के बारे में पूछे जाने पर पठान ने कहा कि घरेलू मैचों में वह लगातार खेलते रहे। पठान ने कहा, ''आईपीएल में आने से पहले मैंने कई घरेलू टूर्नामेंटों में खेला है। सैयद मुश्ताक अली, विजय हजारे जैसे टूर्नामेंटों के अलावा पूरे सत्र में लगातार मैच होते रहे। पूरे सत्र में लगातार खेलने से मैच अभ्यास में मदद मिलती है। यह फायदेमंद है।''

# फीफा कार्यकारी परिषद के पहले भारतीय सदस्य चुने गए प्रफुल्ल पटेल

कुआलालंपुर। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल शनिवार को फीफा कार्यकारी समिति के सदस्य चुने गये।इस परिषद में चुने जाने वाले पहले भारतीय बने पटेल के पक्ष में 46 में से 38 मत पड़े। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) की ओर से पांच सदस्यों को फीफा परिषद के लिए चुना गया है जिसमें एएफसी के अध्यक्ष और एक महिला सदस्य भी शामिल हैं। कुआलालंपुर में शनिवार को एएफसी के 29वीं कांग्रेस के दौरान यह चुनाव हुये। सदस्यों का चयन 2019 से 2023 तक के चार साल के कार्यकाल के लिए हुआ है। फीफा के लिए चुने जाने के बाद पटेल ने कहा, मैं इसके लिए काफी कृतज्ञ हूं। मैं एएफसी के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने मुझे इस पद के लिए उपयुक्त समझा। फीफा परिषद के सदस्य के रूप में मेरी जिम्मेदारी बहुत बड़ी है। मैं न केवल अपने देश का बल्कि पूरे महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करूंगा। एशिया में फुटबॉल की तेजी से विकास के लिए मुझ पर भरोस जताने लिए आप सभी का धन्यवाद। इस




मौके पर पटेल के साथ एआईएफएफ के महासचिव कुशल दास और वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुब्रत दत्ता भी मौजूद थे।दत्ता ने कहा, ''पटेल की जीत 'भारतीय फुटबाल के लिए बड़ी उपलब्धि'' है। पटेल को बधाई, वह इस सम्मान के पूरी तरह से हकदार हैं। उनके नेतृत्व ने भारतीय फुटबॉल को अधिक ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। फीफा परिषद के सदस्य के रूप में उनकी उपस्थिति से एशियाई फुटबॉल को काफी फायदा होगा।'' पटेल के नेतृत्व में एआईएफएफ को मनीला में 2014 में एएफसी वार्षिक पुरस्कारों में जमीनी स्तर पर फुटबाल को बढ़वा देने के लिए ' एएफसी के प्रेसिडेंशियल एवार्ड' से सम्मानित किया गया था। इसके बाद 2016 में एएफसी ने एआईएफएफ को सर्वश्रेष्ठ विकासशील सदस्य संघ के लिए पुरस्कार दिया था।''पटेल के नेतृत्व में भारत ने फीफा अंडर–17 विश्व कप की सफल मेजबानी की जिसकी काफी प्रशंसा हुई। इसके बाद भारत ने 2020 में फीफा अंडर–17 महिला विश्व कप की मेजबानी करने के लिए दावेदारी हासिल की है। परिषद के लिए पटेल के अलावा अल– मोहन्नदी (कतर), खालिद अवाद अल्तेबिती (सऊदी अरब), मारियानो वी. अरनेटा जूनियर (फिलीपीन), चुंग मोंग ग्यु (कोरिया), दू झोकाई (चीन), मेहदी ताज (ईरान) और कोह्जो तशिमा (जापान) ने उम्मीदवारी जताई थी।

# DC के खिलाफ सत्र में पहली जीत के लिए उतरेगी RCB

बेंगलूरू। इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में लगातार पांच हार के साथ तालिका में निचले पायदान पर काबिज रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान विराट कोहली की टीम जब रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी नजरें दमदार प्रदर्शन करके पहली जीत दर्ज करने पर होगी। बेंगलोर को सत्र में पहली जीत का इंतजार है तो वहीं दिल्ली की टीम यहां पांच मैचों में दो जीत के साथ पहुंची है। केकेआर से शुक्रवार को मिली शिकस्त के बाद बेंगलोर की टूर्नामेंट के खिताबी दौड़ में बने रहने की चुनौती होगी। अपनी उम्मीदों को बनाये रखने के लिए टीम को बचे हुए लगभग सभी मैचों को जीतना होगा।केकेआर के खिलाफ कोहली ने 49 गेंदों पर नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से 84 रन जबकि डिविलियर्स ने 32 गेंदों पर 63 रन की पारी खेली जिसमें पांच चौके और चार छक्के शामिल हैं। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिये 108 रन जोड़े लेकिन आंद्रे रसेल की धुआंधार पारी के कारण टीम 205 रन के बड़े स्कोर का बचाव नहीं कर सकी। इस मैच में युजवेंद्र चहल और पवन नेगी के अलावा बेंगलोर के गेंदबाज ना तो ज्यादा विकेट लेने में सफल रहे है ना ही रन रोकने में। केकेआर के खिलाफ अंतिम चार ओवर में 66 रन लुटाने पर कोहली ने भी गेंदबाजों की खिंचाई की थी। बल्लेबाजी में भी टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ टीम सिर्फ 70 रन बना सकी तो वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ उनकी पारी 113 रन पर सिमट गयी। राजस्थान के खिलाफ भी टीम का शीर्ष क्रम नहीं चला था। ऐसे में दिल्ली के खिलाफ टीम को शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से उम्मीदें होंगी।



दिल्ली के लिए मुश्किलें कम नहीं रही हैं। पहले मैच में मुंबई के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद टीम को तीन हार का समाना करना पड़ा। ऋषभ पंत ने मुंबई के खिलाफ 78 रन बनाये थे जबकि शिखर धवन, पृथ्वी साव, श्रेयस अय्यर और कोलिन इनग्राम लय में हैं। गेंदबाजी विभाग की अगुवाई कासिगो रबाडा कर रहे हैं जिसमें ट्रेंट बोल्ट और इशांत शर्मा जैसे अनुभवी गेंदबाज भी शामिल हैं। युवा लेग स्पिनर संदीप लामिछाने ने भी दिल्ली के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। मैच शाम चार बजे से खेला जाएगा।

# 20 साल बाद माधुरी के साथ कलंक से जुड़ने पर संजू बाबा ने कही मन की बात



फिल्ममेकर करण जौहर की मोस्ट अवेटड फिल्म 'कलंक' का हाल ही में ट्रेलर रिलीज हुआ है। इस फिल्म में आलिया भट्ट, वरुण धवन, सोनाक्षी सिन्हा, आदित्य रॉय कपूर, संजय दत्त और माधुरी दिक्षित लीड रोल में है। जानकारी के लिए बता दें कि लगभग 20 साल के बाद ये दोनों एक साथ किसी फिल्म में नजर आए है। हाल ही में संजय ने माधुरी संग काम करने का अनुभव शेयर किया है।

एक इंटरव्यू के दौरान संजय ने कहा– माधुरी के साथ काम करके बहुत खुशी हो रही है। हम दोनों लगभग दो दशक के बाद एक साथ काम कर रहे है जो कि काफी लंबा समय है। यहां तक की हमें याद भी नहीं है कि हमने एक साथ कितनी फिल्में की है। बता दें कि संजय माधुरी की जोड़ी 90 के दशक की हिट जोड़ियों में से एक है। दोनों ने एक साथ कई फिल्मों में काम किया है। फिल्म की बात करें तो ये फिल्म 1940 के बैकड्रॉप पर बनी है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 17 अप्रैल को रिलीज होगी।

# 83 की कास्ट के साथ धर्मशाला पहुंचे रणवीर, स्टेडियम में कपिल देव के साथ पसीना बहाते आए नजर

बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह इन दिनों फिल्म 83 की शूटिंग में बिजी हैं। फिल्म की शूटिंग के लिए पूरी कास्ट धर्मशाला गई है। इस दौरान की तस्वीरें सोशल साइट पर काफी वायरल हो रही हैं। इंडियन क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव भी इस सिलसिले में धर्मशाला पहुंचे हुए हैं। बता दें कि रणवीर सिंह बीते तीन दिन से धर्मशाला में पहुंचे हुए हैं और शूटिंग कर रहे हैं। रणवीर ने मॉर्निंग सेशन में जहां कपिल से गेंदबाजी सीखी। वहीं इवनिंग सेशन में फील्डिंग की बारीकियां सीखीं। रणवीर कितने दिन तक यहां शूटिंग करेंगे इस बारे में अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है। बता दें कि 1983 में देश को पहला क्रिकेट वर्ल्ड कप दिलाने वाले स्टार क्रिकेटर कपिल देव की बायोपिक बन रही है। इसमें रणवीर कपिल देव के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में रणवीर के अलावा आर बद्री, हैरी संधू, चिराग पाटिल, साकिब सलीम, पंकज त्रिपाठी, ताहिर भसीन, एमी विर्क और साहिल खट्टर नजर आएंगे। मुंबई मिरर की खबर के मुताबिक फिल्म की असली शूटिंग 15 मई को शुरू होगी। बताया जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग करीब 100 दिन तक चलेगी। फिल्म के सीन लंदन और स्कॉटलैंड में भी शूट किए जाएंगे। वर्कफ्रंट की बात करें तो रणवीर की फिल्म गली बॉय हाल ही में रिलीज हुई थी। फिल्म को लोगों ने काफी पसंद किया था और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी हिट साबित हुई थी। इसके अलावा रणवीर जल्द ही करण जौहर की मल्टी स्टारर फिल्म तख्त में नजर आने वाले हैं। फिल्म में रणवीर के अलावा करीना कपूर, आलिया भट्ट, भूमि पेडनेकर, विक्की कौशल, जान्हवी कपूर और अनिल कपूर मुख्य भूमिका में हैं।




# गर्मियों में क्यों बढ़ जाता है माइग्रेन का दर्द ? बीमारी को जड़ से खत्म करेगा यह देसी नुस्खा

माइग्रेन का दर्द साइलेंट किलर की तरह अचानक अटेक करता है, जिसके कारण सिर के आधे हिस्से में तेज दर्द होने लगता है। गर्मियों में तो माइग्रेन की समस्या और भी बढ़ जाती है। गर्मी में बढ़ा हुआ तापमान और गर्म वातावरण के कारण अक्सर माइग्रेन के मरीजों को असहनीय सिर दर्द सहना पड़ता है। इससे बचने के लिए जरूरी है कि आप अपने खान–पान का खास ख्याल रखें। चलिए आपको बताते हैं कि माइग्रेन होने पर आपको क्या करना चाहिए और क्या नहीं।



गर्मियों में क्यों बढ़ जाता है माइग्रेन

गर्मियों में बढ़े हुए तापमान और सूरज की तेज रोशनी के कारण माइग्रेन का दर्द बढ़ जाता है। इसके अलावा गलत खान–पान, वायु प्रदूषण, डीहाइड्रेशन, सोडा, कोल्ड ड्रिंक, कैफीनयुक्त पदार्थों के सेवन भी माइग्रेन दर्द बढ़ा देता है। साथ ही गर्मी की वजह से शरीर का ऑक्सीजन लेवल प्रभावित होता है, जो इस दर्द को बढ़ावा देता है।

महिलाएं को है अधिक खतरा

पुरूषों की तुलना में महिलाएं इसकी अधिक शिकार हो रहा है, जिसका कारण तनाव भरी जिंदगी और हार्मोनल इंबैल्स हैं। वहीं काम के चक्कर में महिलाएं अपने खान–पान का ध्यान भी नहीं रखती, जिसके कारण वह इसकी चपेट में आ जाती हैं।

इन चीजों से बनाएं दूरी

आइसक्रीम और ठंडी चीजें

गर्मियों में आइसक्रीम और ठंडी चीजों का सेवन भले ही राहत देता हो लेकिन इससे माइग्रेन का दर्द हो सकता है। इसके अलावा एक्सरसाइज के तुरंत बाद भी इन चीजों का सेवन ना करें।

चॉकलेट

चॉकलेट में कैफीन व बीटा–फेनीलेथाइलामीन नामक तत्व होता है। इससे ब्लड सेल्स में खिंचाव पैदा होता है, जो माइग्रेन के मरीजों के लिए हानिकारक है।

पनीर

अगर आप भी पनीर खाने के शौकीन है तो बता दें कि गर्मियों में इसका सेवन भी माइग्रेन दर्द कारण बनता है। साथ ही सूखे मेवे, केला और संतरा जैसे फलों से माइग्रेन का दर्द बढ़ता है।

नमक

अधिक मात्रा में नमक, आचार और मिर्ची से भी परहेज करें क्योंकि इससे भी आपको असहनीय दर्द हो सकता है। इसके अलावा पिज्ज्जा जैसे फास्ट फूड भी माइग्रेन के लिए हानिकारक हैं।

चाय या कॉफी

अक्सर लोग सिरदर्द दूर करने के लिए चाय या कॉफी पीते हैं लेकिन इसमें कैफीन पाया जाता है, जो दिमाग की नसों के काम में रूकावट पैदा करता है। साथ ही इससे ब्लड सर्कुलेशन भी धीमा हो जाता है, जो बाद में माइग्रेन का कारण बनता है।

माइग्रेन के लिए अपनाएं ये घरेलू तरीके

देसी घी

माइग्रेन का पक्का इलाज यही है कि आप रात को सोने से पहले गाय के शुद्ध देसी घी की 2 बूदों को नाक में डालें और लेट जाएं। इससे नासिका की सफाई होगी और आपको माइग्रेन से छुटकारा मिलेगा।

बर्फ से मसाज

माइग्रेन दर्द से तुरंत राहत पाने के लिए बर्फ के टुकड़ों से मसाज करें। इसके अलावा तैलिए को हल्के गुनगुने पानी में भिगोकर गर्दन पर रखने से भी दर्द से राहत मिलती हैं।

ऑलिव ऑयल

एक बर्तन या स्टीमर में पानी उबालकर उसमें ऑलिव ऑयल डालकर मिक्स करें। अब सिर को टॉवल से ढककर भाप लें। 15–20 मिनट तक भाप लेने के बाद माइग्रेन दर्द गायब हो जाएगा।

बंदगोभी

बंदगोभी की पत्तियों को पीसकर कंधे और गर्दन पर लगाने से माइग्रेन का दर्द दूर हो जाता है।

खीरा और गाजर

असहनीय दर्द को दूर करने के लिए खीरे व गाजर का रस निकालकर पीएं। इससे आपको तुरंत आराम मिल जाएगा।

स्वामी/प्रकाशक/मुद्रक/सम्पादक कपिल देव शुक्ला द्वारा विभव प्रिंटर्स गाटा सं0:25 लोलेपुर सुलतानपुर उ0प्र0. से मुद्रित तथा सलीमपुर ग्रेन्ट,पो0 व थाना कूरेभार, जिला–सुलतानपुर (उ0प्र0) से प्रकाशित सम्पादक : **कपिल देव शुक्ला**, मो0 9415739288, 9721748962 सह संपादक : **अंकित "राधे"**
E-mail: kdshukla.79@gmail.com, वेबसाईट : www.kdnewslive.in समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र सुल्तानपुर न्यायालय होगा।